जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, सोमवार 17 अप्रेल, 2023

AMRITA VISHWA VIDYAPEETHAM
DEEMED TO BE UNIVERSITY UNDER SECTION 3 OF UGC ACT, 1956

nirf GOVT. OF INDIA 2022 5TH RANKED UNIVERSITY IN INDIA

NAAC A++ ACCREDITED

CATEGORY 1 GRADED AUTONOMY UGC, GOVT. OF INDIA

20 YEARS OF SHAPING YOUNG MINDS

## Your Dedication Deserves the Perfect Destination

## AMRITA MEDICAL & HEALTH SCIENCE PROGRAMS

FARIDABAD & KOCHI

NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION B.PHARM

nirf GOVT. OF INDIA 2022 8TH RANKED MEDICAL COLLEGE

### Medicine

Campuses: Faridabad & Kochi

**Bachelor of Medicine, Bachelor of Surgery (MBBS)**

### Allied Health Sciences

Campuses: Faridabad & Kochi

**B.Sc. in Allied Health Sciences**

Medical Radiologic Technology (MRT)
Medical Laboratory Techology ( MLT)
Anesthesia Technology (AT)
Cardiac Perfusion Technology (CPT)
Cardiac Vascular Technology (CVT)
Intensive Care Technology (ICT)
Operation Theater Technology (OTT)
Dialysis Therapy (DT)
Diabetes Sciences (DBS)
Echocardiography Technology (ECT)
Neuro Electro Physiology (NEP)
Respiratory Therapy (RPT)
Physician Assistant (PAT)
Optometry (OPT)
Emergency Medical Technology (EMT)
Audiology & Speech Language Pathology (BASLP)

### Dentistry

Campus: Kochi

**Bachelors of Dental Surgery (BDS)**

**Diploma in Dental Mechanics - 2 years**

### Nursing

Campuses: Faridabad & Kochi

**B.Sc. Nursing**

### Pharmacy

Campus: Kochi

**B.Pharm (Regular/ Lateral)**

**Pharm D.**

INTRODUCING

**One-stop admission system for +2 students.** Apply to 7+ Life Science & Health Science UG programs across 4 Amrita campuses in India.

AEEL

Amrita Entrance Examination- **Life Sciences, Agriculture & Medical Sciences** (PCB based)

Subjects: Physics, Chemistry, Biology, English

2 hours

80 Qs.

| Programs Offered | Campuses |
|---|---|
| B. Pharm / Pharm D | Kochi |
| B.Sc. Allied Health Sciences (All Specialisations) | Faridabad, Kochi |
| B.Sc. Nursing | Faridabad, Kochi |

Candidates passing/passed out with Physics, Chemistry, Mathematics in their +2 or equivalent are also eligible to apply for the B.Pharm / Pharm D programmes without attending entrance examination

FOR MORE INFORMATION CALL
0484 285 8167 / 8166 / 8349 / 8383 / 8153 / 6147

**Faridabad Campus:**
Mata Amritanandamayi Marg Sector 88, Faridabad, Haryana, 121002

**Kochi Campus:**
Amrita Institute of Medical Sciences and Research Center, AIMS, Ponekkara P.O., Kochi, 682041



## AMRITA B.TECH. PROGRAMS

AMARAVATI | AMRITAPURI (KOLLAM) | BENGALURU | CHENNAI | COIMBATORE

**Future-proofed B.Tech. Programs**

- Aerospace
- Automation & Robotics
- Civil
- Chemical
- Computer Science
- Computer Science (Cyber Security)
- Computer Science (A.I.)
- Computer & Communication
- Electrical & Electronics
- Electrical & Computer
- Electronics & Communication
- Electronics & Computer
- Mechanical

85% Seats with Scholarship
95% Placements with high CTC
₹56.95 Lakh P.A. Highest CTC
200+ Companies Visit
20+ Centres of Excellence in Research
200+ Students avail study abroad program every semester

**Admission is based on the rank secured in**

AEEE Amrita Entrance Examination - Engineering

Phase II Exam Dates : May 5 to 11

Last date to apply via AEEE : April 18

OR

JEE MAINS 2023

amrita.edu/btech
044 4627 6066

**Kota Admissions Office:**
17, MPB Near Narcotics Office, Mahaveer Nagar - I, Kota, Rajasthan 324005

Scan to apply

DF/Amrita/515

## विचार बिन्दु

बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, सबसे आगे सोचो, विचारों पर किसी का भी एकाधिकार नहीं है। –धीरूभाई अंबानी

# बदलता भारत : कुछ छवियां जिन पर गर्व होता है!

हाल में मेरे कुछ परिवार जन पंद्रह–बीस दिन की अमरीका यात्रा करके लौटे हैं। वहां से भारत लौटने पर उनकी पहली प्रतिक्रिया यह है कि डिजिटल वॉलेट के उपयोग के मामले में भारत ने एक चमत्कार कर दिखाया है, और इस मामले में अमरीका हमसे बहुत पीछे है। इतना ही नहीं, वहां रहते हुए उन्हें भारत की डिलीवरी सेवाओं और ई कॉमर्स सुविधाओं की भी बहुत याद आई। अगर उनके अनुभव को सच मानें, और न मानने की कोई वजह भी नहीं है, तो बहुत सारे मामलों में हम दुनिया के उन्नत देशों को पीछे छोड़ चुके हैं। इस अनुभूति से हममें से हरेक का गर्वित होना स्वाभाविक है। असल में होता यह है कि हम रोज़मर्रा की बातों–चीज़ों के इतने अभ्यस्त हो चुकते हैं कि हमारा ध्यान उनकी महत्ता की तरफ जाता ही नहीं है।

हाल में भारत सरकार ने सिंगापुर सरकार के साथ जो समझौता किया है उसकी वजह से हम सबका ध्यान एक बार फिर इस बात की तरफ गया है कि अब भारत में अमरीका और यूरोप से ग्यारह गुना और चीन से चार गुना ज़्यादा डिजिटल भुगतान हो रहा है। यह प्रगति बहुत थोड़े समय में हुई है। भारत सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय बैंकों के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित यूपीआई (यूनिफ़ाइडपेमेण्ट्सइण्टरफ़ेस) को 2016 में लॉंच किया था। तब इसकी शुरुआत केवल 21 बैंकों से की गई थी और आज इसमें 381 बैंक शामिल हैं। भारत सरकार द्वारा ज़ारी आंकड़ों के अनुसार सन 2022 के अंत तक डिजिटल वॉलेट का कुल लेन–देन लगभग 126 लाख करोड़ रुपयों का था और पिछले साल हर सेकण्ड में 2,348 लोगों ने डिजिटल वॉलेट का प्रयोग किया था। अब भारत में अनेक डिजिटल वॉलेट उपलब्ध हैं जिनमें पेटीएम, फोनपे, गूगलपे, अमेज़ॉन प्रमुख हैं। इनसे हमारा, आम नागरिकों का और विशेष रूप से छोटे व्यापार करने वालों का, जीवन बहुत सुगम हो रहा है। एक नागरिक के रूप में जहां हम बिना नकद राशि जेब में रखे, केवल अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से अपनी रोज़मर्रा की खरीददारी आसानी से कर लेते हैं वहीं छोटे–बड़े सभी तरह के व्यापारी इनके माध्यम से अपने लेन–देन को सुगम बना कर अधिक व्यापार कर पा रहे हैं। ऑटो चालक, फूल बेचने वाले, सब्ज़ी बेचने वाले, दिहाड़ी मज़दूर, चाय की थड़ी चलाने वाले, प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, और इन जैसे न जाने कितनी तरह के काम करने वाले लोग बहुत सुगमता और आत्म विश्वास से जब डिजिटल वॉलेट से भुगतान स्वीकार करने की बात करते हैं तो हमें एक नया भारत उभरता हुआ नज़र आता है। भारत जैसे देश में बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड का उपयोग हरेक के वश की बात नहीं है। आसानी से समझा जा सकता है कि जहां बैंक में खाता खोलने के लिए जटिल कागज़ी कार्यवाही की ज़रूरत होती है और फिर न्यूनतम राशि रखने की मज़बूरी होती है, क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने की एक लम्बी प्रक्रिया होती है, डिजिटल वॉलेट इनके बग़ैर वे सारी सुविधाएं प्रदान कर देते हैं जो बैंकिग से किसी को उसका व्यवसाय चलाने के लिए मिलती है या मिल सकती है।

वैसे ऐसा भी नहीं है कि डिजिटल वॉलेट का यह कारोबार दोष और आशंकाओं से एकदम रहित है। जानकारों का कहना है कि बग़ैर केवायसी (KYC) के इस तरह की सुविधा का सुलभ होना कई तरह की आशंकाओं को हवा देता है। ये आशंकाए इस कारण और गहरा जाती हैं कि हमारे यहां डिजिटल साक्षरता तो बहुत दूर की चीज़ है, सामान्य साक्षरता भी अभी पूरी तरह अर्जित नहीं हो पाई है। ऐसे में इस सुविधा के दुरुपयोग की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। दूसरी आशंका जो जानकार लोग व्यक्त करते हैं वह है डेटा के अवैध कारोबार की। बग़ैर नियंत्रण वाली कंपनियों के हाथ में हमारा निजी डेटा कितना असुरक्षित है, इस बात को कोई नहीं जानता है। समय–समय पर इन कंपनियों से हमारा डेटी लीक हो जाने जो ख़बरें आती रहती हैं वे हमारी आशंकाओं को बहुत बढ़ाती हैं। उम्मीद है कि आशंकाओं के निवारण की तरफ समुचित ध्यान दिया जाएगा।

> **हाल में भारत सरकार ने सिंगापुर सरकार के साथ जो समझौता किया है उसकी वजह से हम सबका ध्यान एक बार फिर इस बात की तरफ गया है कि अब भारत में अमरीका और यूरोप से ग्यारह गुना और चीन से चार गुना ज़्यादा डिजिटल भुगतान हो रहा है। यह प्रगति बहुत थोड़े समय में हुई है।**

पिछले कुछ समय में जो एक और बहुत बड़ा बदलाव आया है वह यह है कि हमारे यहां और ख़ास तौर पर बड़े और मझले शहरों–कस्बों में डिलीवरी सेवाओं का बहुत तेज़ी से विस्तार हुआ है। आप किसी भी लोकप्रिय रेस्तरां के बाहर खड़े हो जाएं, वहां स्विगी और जोमेटो जैसी सेवाओं के अनगिनत कार्मिक अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए नज़र आएंगे। और अब तो ये सेवाएं आपके घर तक आपके मन पसंद व्यंजन पहुंचाने तक ही सीमित नहीं रही हैं, इनके माध्यम से साग सब्ज़ी, फल, किराने का सामान और न जाने क्या–क्या आपके घर तक पहुंचने लगा है। इन सेवाओं के कारण जहां बहुत व्यस्त रहने वालों का, शहरों के बढ़ते जा रहे ट्रैफ़िक से त्रस्त लोगों का, वृद्धत्व और बीमारी जैसे विभिन्न कारणों से घर से बाहर न निकल सकने वालों का जीवन सुगम हुआ है, अनगिनत लोगों को रोज़गार के अवसर भी सुलभ हुए हैं। सरकारी नीतियों में आए बदलावों के कारण सरकारी नौकरियां तो वैसे ही दिन ब दिन घटती जा रही हैं, ऐसे में इस तरह से रोज़गार के अवसरों का बढ़ना स्वागत योग्य है। कहने की ज़रूरत नहीं है कि ग्राहक को मिलने वाली सुविधाओं में विस्तार की वजह से व्यापारियों का भी लाभ बढ़ा है।

एक और बदलाव जो हाल के वर्षों में हमारे यहां हुआ है वह है ई–कॉमर्स कंपनियों का बहुत तेज़ विस्तार। कुछ बरस पहले हम केटेलॉग देखकर सामान मंगवाने से हिचकिचाते थे लेकिन अब यह हमारी रोज़मर्रा की आदतों में शुमार हो गया है। अमेज़ॉन, फ्लिपकार्ट और ऐसी अनगिनत कंपनियां हैं जो बहुत दक्षता से हमारी ज़रूरत का सामान हम तक पहुंचाती हैं। विभिन्न कारणों से घर से बाहर न निकल सकने वालों के लिए यह सुविधा एक बड़ा वरदान है। आपको घर बैठे अपनी ज़रूरत का सामान मिल जाता है, इससे बेहतर बात और क्या हो सकती है? आप अपने स्थानीय परिवहन पर जो धन और समय खर्च करते उसकी भी बचत होती है। लेकिन इस सुविधा ने पारंपरिक व्यापारियों को चिंतित भी किया है। वे समय समय पर इनके खिलाफ़ आवाज़ भी उठाते रहते हैं। इनके कारण उनके व्यापार पर प्रतिकूल असर भी पड़ा है। यहां बात केवल सुविधा की ही नहीं है। ई कॉमर्स कंपनियां अपनी ताकत और क्षमता के कारण छोटे दुकानदारों पर भारी पड़ रही हैं। उनकी कीमतें अपेक्षाकृत कम हैं और वे ग्राहक को बेहतर सुविधाएं दे पाती हैं। आपको कोई चीज़ पसंद नहीं आई तो आप ई कॉमर्स कंपनी को बहुत आसानी से लौटा देते हैं, सामान्यत: तो ई कॉमर्स कंपनियां आपका अनुरोध पाने पर खुद अपने स्तर पर सामान आपके घर से ले जाती हैं। आपको लौटाने जाने का कष्ट भी नहीं करना पड़ता है। ये कंपनियां बिना किसी किंतु–परंतु के आपकी चुकाई गई राशि आपको लौटा देती हैं। पारंपरिक व्यापारी ऐसा करने में आनाकानी करता है। उसकी भी अपनी दिक्कतें हैं। और कुछ बात मानसिकता की भी है। हमारे पारंपरिक व्यापारियों का एक वर्ग अभी भी इस बात को नहीं समझ पा रहा है कि उसे ग्राहक को अपने से जोड़े रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। ऐसे में उसका ग्राहक अगर उससे दूर जा रहा है तो ख़ुद उसे भी आत्मावलोकन करना चहिए। मैं देखता हूं कि आम तौर पर दुकानदार का रवैया ग्राहक के प्रति सम्मानजनक नहीं होता है। वह उसकी शिकायत सुनना ही नहीं चाहता, उसे दूर करना तो बाद की बात है। दुकानदारों का यह वर्ग दीवार पर लिखी इबारत को अनदेखा करके ख़ुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी माररहा है। दूसरी तरफ ई कॉमर्स कंपनियों ने बहुत सारे उत्साही उद्यमियों को व्यापार करने और अपनी आर्थिक हैसियत सुधारने के अनगिनत अवसर प्रदान किए हैं। बहुत सारे हाथ के कारीगर इन माध्यमों पर बहुत सफलता से अपने उत्पाद बेच कर अपना जीवन आलोकित कर रहे हैं। ये माध्यम बग़ैर बड़ी पूंजी के भी, अगर आपके उत्पाद में दम हो और आपके पास उसे बेचने का कौशल हो तो, आपको सफलता की गारण्टी प्रदान कर रहे हैं। यह बहुत बड़ी बात है। इनके कारण एक छोटा ही सही, उद्यमी वर्ग बहुत तेज़ी से फल–फूल रहा है। इन ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के कारण एक बात और हो रही है, जिसकी तरफ ध्यान आकर्षित करना मुझे ज़रूरी लग रहा है। हम पढ़ने–लिखने वालों की यह पुरानी शिकायत है कि शहरों में किताबों की दुकानें नहीं के बराबर हैं। ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स हमारी इस ज़रूरत को बखूबी पूरा कर रहे हैं। आज किताबें खरीदना बहुत सुगम हो गया है, भले ही ऐसा करने में पारंपरिक दुकान में किताब को हाथ में लेकर उलटने पलटने से मिलने वाला सुख नहीं मिलता है लेकिन किताबें मिल जाती हैं, यह बहुत बड़ी बात है।

तो ये कुछ चीज़ें हैं जो हम आज के नए भारत में देखते हैं और आह्लादित गर्वित अनुभव करते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ में डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी

- महायज्ञ के आचार्य अम्बिकेश शर्मा ने अपनी माताजी के नाम से 21हजार रुपए महायज्ञ में भेंट किये
- नानी बाई को मायरा की कथा हुई प्रारंभ
- आज आएंगे पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट

**शाहपुरा, (निसं)।** जयपुर के पास शाहपुरा के निकट खोरी ग्राम स्थित परमानंद धाम मंदिर में में चल रहे 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ में रविवार को दर्शनों के लिए करीब डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु उमड़े। पीसीसी सदस्य मनीष यादव ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट भी महायज्ञ में दर्शनों के लिए पधारेंगे।

महंत हरिओमदासजी महाराज ने बताया कि यज्ञाचार्य पंडित अंबिकेश शर्मा ने अपनी माताजी स्व.दुर्गा देवी के नाम से 21000 रुपए महायज्ञ में भेंट किये। उप आचार्य पंडित पवन टीलावत, यज्ञ ब्रह्मा पंडित पवन मिश्र, वैदिक रमाकांत टीलावत, वेदप्रकाश शर्मा विशाल शर्मा त्रिवेणी धाम के निर्देशन में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार से यजमानों को 79 लाख 96 हजार 925 आहुतियां दिलवाई। महायज्ञ में विधायक आलोक बेनीवाल, विराटनगर विधायक इन्द्रराज गुर्जर, पीसीसी सदस्य मनीष यादव, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह, भुवनेश्वरी देवी, प्रधान मंजू शर्मा, चेयरमैन बंशीधर सैनी, प्रीति चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। त्रिवेणीधाम सत्संग मंडल शाहपुरा व खोरी, एकादशी मंडल जयपुर की ओर से रामनाम संकीर्तन किया गया।

रामेश्वर ताखर, सरपंच मेवा देवी बुनकर, गणपत गुर्जर, गंगा सहाय यादव, अमरचंद चौहान, अशोक कुमावत, धर्मपाल यादव महेश पारीक, विष्णु अग्रवाल, योगेश चुड़ला, विनोद गोयल सहित कई लोगों ने बताया कि महायज्ञ में सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक एक लाख श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कथा पांडाल में संजय टीलावत व भामाशाह खेमचंद जोशी ने पूजा अर्चना करवाकर नानी बाई का मायरा कथा प्रारंभ करवाई। जोधपुर के रामप्रसाद महाराज ने मारवाड़ी भाषा में नानी बाई का मायरा की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।



शाहपुरा के निकट खोरी ग्राम स्थित परमानंद धाम मंदिर में में चल रहे 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ में भक्तों ने आहुतियां दी।

# लगेतखेड़ा में मादा पैंथर पिंजरे में कैद हुई

**भीम, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के लगेतखेड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत रविवार को एक मादा पैंथर पिंजरे में कैद हो गई।

क्षेत्रीय वन अधिकारी जसराज पारीक ने बताया कि लगेतखेड़ा ग्रामीणों ने डेढ़ माह पूर्व आबादी क्षेत्र में पेंथर की हलचल दिखाई देने से भय का माहौल बना हुआ था। जिस पर वन विभाग की ओर से पिंजरा लगाया गया। शनिवार देर रात्रि मादा पैंथर पिंजरे में कैद हो गई।

रविवार को ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्रीय वन अधिकारी जसराज पारीक वनपाल राजेंद्र सिंह राणावत वनरक्षक चांदमल गुर्जर आदि की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से पिंजरे सहित करीब डेढ़ वर्षीय मादा पैंथर को पिकअप में सवार कर टॉडगढ़ रावली अभयारण्य रेंज काबरा दाता के वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ा गया।


लगेतखेड़ा ग्राम पंचायत में एक मादा पैंथर पिंजरे में कैद हो गई।

# श्रीगंगानगर में मौसम के दो अलग–अलग रंग दिखे

- श्रीगंगानगर शहर में गर्मी ने छुड़ाए पसीने, जैतसर में मौसम में आये बदलाव से बरसे बादल
- श्रीबिजयनगर में दोपहर बाद तेज हवा चलने से मौसम में बदलाव आया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के अलग–अलग इलाकों में रविवार को मौसम ने अलग–अलग रंग दिखाए। श्रीगंगानगर में पारा चालीस के पार रहा, वहीं जिले के जैतसर में बरसात से मौसम ठंडा हो गया। वहीं श्रीबिजयनगर में दोपहर बाद बादल छाए और हवा चली। इससे मौसम में बदलाव आ गया।

शहर में रविवार दोपहर बाद तक लू के थपेड़े चलते रहे। इस दौरान सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया। शहर में निकले लोग सिर पर साफे और टोपी पहने नजर आए। आम आदमी ही नहीं पशु पक्षी भी गर्मी से परेशान दिखे। सड़कों के किनारे पशु पेड़ों की छांव में राहत पाने का प्रयास करते दिखे। वहीं टैंपों और रिक्शा चालक पसीने से तर बतर हुए सड़कों पर नजर आए। जहां एक ओर श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर तेज धूप रही। वहीं जिले के जैतसर में दोपहर बाद तेज हवा चली। इसके बाद पहले हलकी और फिर तेज बरसात हुई। इससे तापमान में कुछ कमी आई है। सुबह दिन की शुरुआत में यहां भी तेज धूप थी। गर्मी से लोग परेशान थे। इसके बाद अचानक हवा चलने लगी। कुछ देर बाद ही बरसात से मौसम ठंडा हो गया। वहीं जिले के श्रीबिजयनगर में दोपहर बाद तेज हवा चलने से मौसम में बदलाव आया।

# ताला के बुर्हान बाबा के चार दिवसीय वार्षिक मेले में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल दिखी

- ताला के बुर्हान बाबा का 4 दिवसीय वार्षिक मेला कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ
- रविवार को जायरीनों द्वारा चूरमा दाल बाटी पर बाबा की फ़ातेहा लगाई, पार्टियों द्वारा सामूहिक कव्वाली का आयोजन

**मनोहरपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम ताला की ऊंची पहाड़ी पर स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह का चार दिवसीय वार्षिक मेला रविवार को कूल रस्म के साथ संपन्न हो गया।

सरपंच अमीर खान शेख, अनवर खान ने बताया कि 13 अप्रैल गुरुवार को झंडे की रस्म के साथ में मेला शुरू हुआ इसी के साथ रंग बिरंगे कपडो में सज संवरकर अपने अपने वाहनों में सवार होकर जायरिनो के जत्थे आना प्रारम्भ हुए थे। 14 अप्रेल शुक्रवार को डेढ़ बजे बाद में जायरीनों के द्वारा जुम्मे की नमाज अदा की थी, रात्रि 10 बजे मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ की गई इसके बाद में राजस्थान प्रदेश की मशहूर कव्वाल पार्टियों द्वारा सम्पूर्ण रात्रि तक बाबा की मान मनुहार की गई।

इसी प्रकार 15 अप्रेल को आसपास व दूरदराज के शहरी व ग्रामीण हिन्दू मुस्लिम नर नारी ऊंट गाड़ी ट्रेक्टर ट्रॉली जीप दुपहिया आदि वाहनों से आए। मेले में कुम्हारों से मिट्टी के बर्तन घड़े करी आदि खरीदकर उसमें चावल व दाल की किंदूरी बनाए। रात्रि 10 बजे मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ की गई इसके बाद में भारत देश की मशहूर कव्वाल पार्टियों द्वारा सम्पूर्ण रात्रि तक बाबा की मान मनुहार की गई। इसी प्रकार 16 अप्रेल रविवार को सुबह 9 बजे जायरीनों द्वारा चूरमा दाल बाटी पर बाबा की फ़ातेहा लगाई इसके बाद में राजस्थान के प्रसिद्ध कव्वाल पार्टियों द्वारा सामूहिक कव्वाली करके कूल की रस्म की अदायगी की इसी के साथ मे शहरी मेला सम्पन्न हो हुआ। इसी के साथ मे पैदल आने वाले हिन्दू जायरीनों द्वारा झंडे चढ़ाए इधर ग्राम तालावासियो की ओर से फूल बरसाए गए

मेले का आकर्षण का केंद्र : मेले में मौत का कुआ, सर्कस, छोटे झूले बड़े झूले, डॉलर झूले, चक्कर झूले आदि झूले लगें थे जिसमें महिला व पुरुषों ने झूलों का आनन्द लिया व घरेलू सामान की दुकानो से ग्रामीणों द्वारा साल भर के सामान की एक साथ ख़रीददारी की।

पप्पू खान शेख ने बताया कि 16 कव्वाल पार्टियां आई थी इसमे हाजी टिम्मू गुलफाम एन्ड कव्वाल पार्टी, मोइन अजमेरी, मुन्ना अजमेरी, सईद साबरी, हमीद नईम अजमेरी, हमीद साबरी, दरगाह कव्वाल पार्टी, नईम शमीम आदि ने बाबा की मान मनुहार की। मेले में पत्रकारों को भी दस्तार बन्दी करके सम्मानित किया गया। मेले में गणमान्य लोगों ने शिरकत की। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेले में शिरकत करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी प्रकार जमवारामगढ़ के विधायक व प्रधान ने भी बाबा के चद्दर पेश करके अमन चेन की दुआएं मांगी। इन सबकी हाजी राजत अली ने दस्तारबंदी की।


निकटवर्ती ग्राम ताला की ऊंची पहाड़ी पर स्थित मस्जीद पर रोशनी की गई।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 17 अप्रैल, 2023**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 2:27 तक, ब्रह्म योग रात्रि 9:06 तक, तैतिल करण दिन 3:46 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:51 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–मिथुन, बुध–मेष, गुरू–मीन, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सोम प्रदोश व्रत, पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:41 तक, शुभ 9:16 से 10:52 तक, चर 2:03 से 3:39 तक, लाभ–अमृत 3:39 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:05, सूर्यास्त 6:48

### मेष
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन
व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### सिंह
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

### कन्या
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। नवीन कार्य योजना बनेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। कानूनी मामलों से राहत मिल सकती है।

### वृश्चिक
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

### मकर
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

### मीन
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 | वर्षः 48 | संख्याः 182 | प्रभात | कोटा, सोमवार 17 अप्रेल, 2023 | कोटा/24/2012-14 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.



फ्लोरिडा के इंडियन रिवर लगून से जब बियान्का नाम की एक मैनटी (सी काओ) को बचाया गया था तब वह मात्र एक शावक थी। फिर रैस्क्यू संगठन "सीवर्ल्ड" में लंबे समय तक हुए इलाज के बाद उसे समुद्र में छोड़ दिया गया। बियान्का उन अनेकों मैनटीज़ में एक है, जिन्हें फरवरी माह में स्वास्थ्यलाभ के बाद समुद्र में छोड़ा गया। फ्लोरिडा में वर्ष 2021 और 2022 में तकरीबन 2000 मैनटी की मौत हुई, जो कि एक रिकॉर्ड था। संरक्षण समूहों का कहना है कि, यह संख्या राज्य में मैनटी की कुल आबादी की 20 प्रतिशत से अधिक है। इस आपदा के बाद वन्यजीव संस्थाओं ने मैनटी के अति महत्वपूर्ण आवास, फ्लोरिडा के पूर्वी तट पर स्थित इंडियन रिवर लगून में भूख से त्रस्त मैनटी के लिए भोजन उपलब्ध करवाना शुरु किया, क्योंकि, यहां पानी खराब होने के कारण सी ग्रास में भारी कमी आई है, जो मैनटी का प्रमुख भोजन है। अब रैस्क्यू की गई कई बीमार और घायल मैनटी समुद्र में वापस जाने के लिए तैयार हैं। सीवर्ल्ड की योजना अपनी रिहैब स्पेस को बढ़ाने की है, ताकि और ज्यादा मैनटीज़ को बचाया जा सके। सीवर्ल्ड जैसी सुविधाओं पर लाई जाने वाली अधिकांश मैनटी मरणासन्न होती हैं। भूखमरी से रिकवरी बहुत लम्बे समय में होती है, इसमें 6 से 8 माह लग जाते हैं, खासकर अनाथ बच्चों को, क्योंकि वे अपनी मां के प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं और नहीं जानते कि सर्दी के मौसम में गर्म पानी में भोजन कैसे ढूंढें। क्लियर वॉटर अक्वेरियम की शोध वैज्ञानिक, मोनिका रॉस कहती हैं, महत्वपूर्ण बात यह है कि, इन शावकों को दूसरा मौका मिल रहा है और ठीक होकर ये अपने मूल आवास में लौट रहे हैं। इस प्रयास से फ्लोरिडा में मैनटी की आबादी बढ़ी है और ठंड के प्रति संवेदनशील इस जीव की, सर्दी में होने वाली मौतों में कमी आई है। इसके अलावा एजेंसी द्वारा शुरु किए गए भोजन उपलब्ध कराने के कार्यक्रम के फलस्वरुप अपने मूल आवास में भी मैनटी स्वस्थ नज़र आ रही हैं। इंडियन रिवर लगून में भी अब मैनटी दिखने लगी हैं, वहां सी ग्रास भी बढ़ने लगी है। पर फ्लोरिडा की मैनटीज़ के सामने अभी भी कई खतरे हैं। एक तो यह कि, सर्दी के महीनों में ये पावर प्लांट्स के आसपास के गर्म पानी पर निर्भर रहती हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन की वजह से कालान्तर में पावर कम्पनियाँ पैट्रोल-डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन त्याग देंगी, उस समय मैनटीज़ को प्राकृतिक गर्म पानी के स्रोत, जैसे ब्लू स्प्रिंग में भेजना होगा।

# केन्द्रीय चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में पुनः चुनौती

## एन.जी.ओ. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने याचिका में दावा किया है कि, उनकी नियुक्ति मनमाने तरीके से की गई है और चुनाव आयोग की अखण्डता और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर.) ने चुनाव आयुक्त के रूप में अरुण गोयल की नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गैर सरकारी संगठन ने दावा किया है कि उनकी नियुक्ति मनमाने तरीके से की गई है और चुनाव आयोग की संस्थागत अखंडता और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है।

एन.जी.ओ. ने चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए एक तटस्थ और स्वतंत्र समिति के गठन की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग ने अपने लाभ के लिए योजनाबद्ध सावधानीपूर्वक बनाई गई चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया है। याचिका में कहा गया है, 19 नवंबर 2022 की अधिसूचना के जरिए चुनाव आयुक्त के रूप में अरुण गोयल की नियुक्ति को चुनौती देते हुए जनहित में रिट याचिका इस आधार पर दायर की जा रही है कि नियुक्ति मनमानी है और भारत के चुनाव आयोग की संस्थागत अखंडता व स्वतंत्रता का उल्लंखन करती है।

- **एन.जी.ओ. ने चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए एक तटस्थ और स्वतंत्र समिति के गठन की मांग की है।**
- **याचिका में आरोप लगाया गया है कि, केंद्र सरकार और चुनाव आयोग ने अपने लाभ के लिए योजनाबद्ध सावधानीपूर्वक बनाई गई चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया है।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो मार्च के फैसले में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की सदस्यता वाली समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति करेंगे, ताकि चुनाव की शुचिता बनी रहे।**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो मार्च के फैसले में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश (सी.जे.आई.) की सदस्यता वाली समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति करेंगे, ताकि चुनाव की शुचिता बनी रहे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इस बात से हैरान है कि नौकरशाह अरुण गोयल ने पिछले साल 18 नवंबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कैसे किया जबकि उन्हें चुनाव आयुक्त नियुक्त करने के प्रस्ताव के बारे में जानकारी नहीं थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजीव कुमार की 15 मई, 2022 से मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के बाद चुनाव आयुक्त का पद रिक्त हो गया था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्ति स्पष्ट रूप से इस आधार पर की गई थी कि नियुक्ति में कोई बाधा नहीं है, क्योंकि कोई विशिष्ट कानून नहीं है। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की इस दलील पर गौर किया कि एक चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए 18 नवंबर, 2022 को मंजूरी मांगी गई थी और उसी दिन भारत सरकार के सचिव के पद पर सेवारत और सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारियों के डाटाबेस को शामिल किया गया था। इसे एक्सेस किया गया था।

उन्होंने कहा, "उसी दिन यानी 18 नवंबर, 2022 को एक नोट डाला गया था, जिसमें कानून मंत्री ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के विचार के लिए चार नामों के पैनल का सुझाव दिया था...इसमें कहा गया है- नियुक्ति करने वाले को दिसंबर 2022 में सेवानिवृत्त होना था और उसने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और वह समिति के चार सदस्यों में सबसे युवा पाया गया... आश्चर्य की बात नहीं है, उसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जगदीश शेट्टार ने अमित शाह का ऑफर भी ठुकरा दिया और अंततः भाजपा छोड़ दी

## मु.मंत्री बोम्मई ने बताया कि, गृह मंत्री अमित शाह ने खुद फोन करके जगदीश शेट्टार को दिल्ली में बड़ा पद देने की पेशकश की थी

बैंगलुरु, 16 अप्रेल। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक जगदीश शेट्टार ने रविवार (16 अप्रैल) को राज्य विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले शेट्टार ने बीजेपी से टिकट कटने के बाद 15 अप्रैल को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। यह दिग्गज नेता हुबली-धारवाड़ विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक रह चुके हैं।

- **कयास लगाए जा रहे हैं कि पूर्व मु.मंत्री जगदीश शेट्टार सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।**
- **यह दिग्गज नेता हुबली-धारवाड़ विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक रह चुके हैं।**
- **कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 से पहले बीजेपी में नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। अब तक कुल आठ बड़े बीजेपी नेता पार्टी छोड़ चुके हैं।**

कयास लगाए जा रहे हैं कि जगदीश शेट्टार सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। टिकट कटने के बाद से ही जगदीश शेट्टार लगातार बीजेपी हाईकमान के संपर्क में थे। लेकिन शीर्ष नेतृत्व से बात नहीं बनने के बाद उन्होंने बीजेपी छोड़ने का मन बनाया। उन्होंने हुबली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि मैंने विधानसभा और बीजेपी से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैंने इस पार्टी को खड़ा किया। लेकिन उन्होंने (पार्टी के कुछ नेताओं) ने मेरे लिए पार्टी से इस्तीफा देने की स्थिति पैदा कर दी।

जगदीश शेट्टार के बीजेपी छोड़ने के बाद कर्नाटक के सी.एम. बसवराज बोम्मई ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शनिवार को शेट्टार को फोन किया था और उन्हें मनाने की कोशिश की थी। वहीं, बीजेपी ने कहा कि जगदीश शेट्टार ने पार्टी के ऊपर खुद को तरजीह दी है। बीजेपी आलाकमान लगातार उनसे बातचीत करके मामला हल करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन शेट्टार ने पार्टी से बढ़कर खुद को अहमियत दी।

इससे पहले सी.एम. बसवराज बोम्मई और केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान और प्रल्हाद जोशी ने शेट्टार को मनाने की भरसक कोशिश की थी। सी.एम. बोम्मई ने आगे कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह ने शेट्टार को दिल्ली में एक बड़े पद का वादा किया था। मैंने भी शेट्टार से वादा किया था कि उनकी पसंद के उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# सराफ ने सी.सी.टी.वी. कैमरों का लोकार्पण किया

जयपुर, 16 अप्रेल (का.सं.)। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 136 नीलकंठ कॉलोनी सी ब्लॉक में विधायक कोष से प्रदत्त राशि से लगवाये गये सी.सी.टी.वी. कैमरों का लोकार्पण किया।

- **विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष से इन सी.सी. टी.वी. कैमरों की व्यवस्था की है।**

स्थानीय पार्षद उषा टाटीवाल ने बताया कि नीलकंठ कॉलोनी में सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ ने विधायक कोष से सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाये हैं जिसका आज लोकार्पण किया गया। सराफ ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आजकल कॉलोनियों में बदमाशों के द्वारा वाहनों के कांच तोड़े जा रहे हैं, लगातार चोरियां हो रही हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री की डिग्री मामले में केजरीवाल को समन

## अहमदाबाद की जिला अदालत ने प्र.मंत्री के खिलाफ व्यंग्यात्मक/अपमानजनक बयान देने के मामले में नोटिस जारी किया

अहमदाबाद, 16 अप्रेल। अहमदाबाद की एक अदालत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अकादमिक डिग्री को लेकर गुजरात विश्वविद्यालय के खिलाफ कथित व्यंग्यात्मक और अपमानजनक बयान देने पर दायर आपराधिक मानहानि की एक शिकायत के सिलसिले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सम्मन जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जयेशभाई चोवटिया की अदालत ने शनिवार को 'आप के इन दो नेताओं को 23 मई को पेश होने के लिए सम्मन जारी किया। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय के पंजीयक पीयूष पटेल की एक शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) के तहत एक मामला बनता है।

- **अदालत ने राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को भी समन जारी किया है।**
- **अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जयेशभाई चोवटिया की अदालत ने आप के इन दो नेताओं को 23 मई को पेश होने के लिए सम्मन जारी किया है।**

अदालत ने मामले के वाद शीर्षक में केजरीवाल के नाम से 'मुख्यमंत्री हटाने का भी आदेश देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी निजी हैसियत से ये बयान दिए। गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री की डिग्री पर गुजरात विश्वविद्यालय को सूचना उपलब्ध कराने के मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द करने का फैसला दिया था जिसके बाद केजरीवाल और सिंह ने ये टिप्पणियां की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने मोदी की डिग्री को लेकर विश्वविद्यालय पर निशाना साधते हुए संवाददाता सम्मेलनों में तथा ट्विटर पर "अपमानजनक बयान दिए। उन्होंने कहा कि गुजरात विश्वविद्यालय को निशाना बनाने वाली उनकी टिप्पणियां अपमानजनक थी और ये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विष्णु शर्मा को मिला राष्ट्रपति अवार्ड

जयपुर, 16 अप्रेल (का.सं.)। विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग एवं नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन की ओर से नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शनी एवं प्रतिभा पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें देश एवं विदेश जाने माने इनोवर्टर विष्णु कुमार शर्मा नांगल लोटवाडा निवासी का भी राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के हाथों सम्मान हुआ। उन्हें सम्मान स्वरूप ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- **विष्णु शर्मा को विज्ञान एवं इनोवेशंस के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति ने पुरस्कृत किया। उन्हें इससे पहले भी कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।**

शर्मा को यह सम्मान आयुर्वेद के क्षेत्र में कैंसर दवा इजाद करने पर मिला। शर्मा को इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। दवा का पेटेंट भी मिल चुका है जो कि गौरवान्विति का विषय है। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सचिव चंद्रशेखर नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के सचिव विपिन कुमार भी मौजूद थे।

# केजरीवाल के संदर्भ में कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे से अलग राय रखते हैं माकन

## अजय माकन ने कहा, केजरीवाल जैसे लोगों को किसी भी तरह का समर्थन नहीं दिया जाना चाहिये

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से रविवार को सी.बी.आई. ने करीब साढ़े आठ घंटे पूछताछ की।

हालांकि पूछताछ से पहले कई विपक्षी दलों ने केजरीवाल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की थी। हालांकि केजरीवाल को लेकर कांग्रेस से दो अलग-अलग सुर सामने आ रहे हैं। जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें फोनकर एकजुटता दिखाई थी, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा है कि केजरीवाल जैसे लोगों और उनके साथियों को किसी भी तरह की सहानुभूति या समर्थन नहीं दिया जाना चाहिए.

- **गौरतलब है कि, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दो दिन पहले केजरीवाल को फोन कर उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की थी साथ ही आश्वासन दिया था कि, मोदी सरकार के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ है।**
- **खड़गे ने विपक्षी एकता की मुहिम के तहत केजरीवाल को फोन कर यह मैसेज देने की कोशिश की थी अब वाकई में पूरा विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट हो रहा है।**

कांग्रेस नेता अजय माकन ने आज एक ट्वीट कर कहा, "मेरा मानना है कि केजरीवाल जैसे लोगों और उनके साथियों को, जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं, किसी तरह की सहानुभूति या समर्थन नहीं दिया जाना चाहिए। लिकरगेट और घीगेट के आरोपों की गहन जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों को सजा मिलनी चाहिए।"

अपने ट्वीट में माकन ने लिखा, "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक नेताओं के लिए यह पहचानना जरूरी है कि केजरीवाल ने भ्रष्ट तरीकों से अर्जित धन का पंजाब, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली सहित कई राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल किया है।"

गौरतलब है कि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सी.बी.आई. द्वारा कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन किए जाने के मद्देनजर शुक्रवार शाम को उनसे फोन पर बात की थी। सूत्रों ने बताया कि खड़गे ने केजरीवाल को फोन किया और एकजुटता प्रकट की। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं की राय थी कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए व्यापक विपक्षी एकजुटता होनी चाहिए।

गौरतलब है कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को सी.बी.आई. के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुये। केजरीवाल से सी.बी.आई. ने नौ घंटे पूछताछ की। सी.बी.आई. दिल्ली की नई आबकारी नीति मामले में मु.मंत्री केजरीवाल की संलिप्तता की जांच कर रही है।

# रणथंभौर की बाघिन 'लाडली' टी-8 घायल

सवाई माधोपुर, 16 अप्रैल (निरस)। रणथम्भौर में बाघों की ट्रेकिंग को लेकर वन विभाग पर लगातार सवाल खड़े हो रहे है। इसी कड़ी में एक बार फिर रणथंभौर से बुरी खबर सामने आई है। रणथंभौर की फलौदी रेंज के बलास वन क्षेत्र में विचरण करने वाली लाडली नामक बाघिन टी-8 के घायल होने की जानकारी सामने आई है। पार्क भ्रमण पर गये पर्यटकों को बाघिन टी-8 लाडली लंगडाती हुई दिखाई दी है। जिसकी सूचना पर्यटकों ने वन विभाग को दी है।

- **पर्यटकों को लंगडाती दिखाई दी बघिन टी-8 फलौदी रेंज के बलास वन क्षेत्र में विचरण करती है लाडली।**

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह की पारी में रणथम्भौर की फलौदी रेंज में पर्यटकों को बाघिन टी-8 लाडली के दीदार हुए। पर्यटकों को बाघिन बलास वन क्षेत्र में दिखाई दी। इस दौरान बाघिन आगे के पैर से लंगडाती हुई नजर आई। बाघिन अपने आगे के पैर का पंजा जमीन पर नहीं रख पा रही थी और लंगड़ाकर चल रही थी। जिसकी सूचना पर्यटकों ने वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटना की जानकारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर हुई महापंचायत

## मालपुरा में हुई महापंचायत में जयपुर विधानसभा के सामने महापड़ाव का एलान किया



मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर हुई महापंचायत ने जयपुर में महापड़ाव का ऐलान किया।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर रविवार को 30 वें दिन भी जनआन्दोलन व धरना प्रदर्शन सहित कर्मिक अनशन जारी रहा। जिला बनाओ कोर कमेठी के आव्हान पर आन्दोलन को उग्र करने की रणनीति को लेकर बुलाई गई महापंचायत में विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में सर्वसमाज व सर्वजातिय सहित सभी राजनैतिक दलों के पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। महेश सेवा सदन के सामने हुई महापंचायत में सभी समाजों के अध्यक्ष व 16 दिन तक आमरण अनशन करने वाले तीनों युवकों ने महापंचायत की ओर से मुख्यमंत्री व रामलुभाया कमेठी के नाम एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा।

महापंचायत में पहुंचे पूर्व केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री नमोनारायण मीणा ने कहा कि अंग्रेजों के शासन काल में 1929 में मालपुरा में पुलिस थाना, 1947 में नगर पालिका की स्थापना व 1935 में मालपुरा में हवाई पट्टी का निर्माण होना तथा जयपुर से टोडारायसिंह तक जयपुर राजघराने द्वारा ट्रेन शुरू करने तथा रिहासतों के विलेय से पूर्व मालपुरा को जिला बनाने के साथ-साथ जिला बनने के सभी मापदण्ड पूरे रखने के बावजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मालपुरा को जिला बनाये जाने की घोषणा नहीं करना न्याय संगत नहीं है।

मीणा ने कहा कि मालपुरावासियों की इस मांग व अधिकार के लिए जल्द वो स्वयं मुख्यमंत्री व रामलुभाया कमेटी से मिल जिला बनाने का पक्ष रखेंगे। मीणा ने भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता से हुई मानवीय भूल ने एक सैलानी को अपना सांसद चुन लिया। जिन्होंने दस साल में मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के विकास में एक फूटी कोडी खर्च नहीं की। सैलानी की तरह महिने में एक बार क्षेत्र में घूम बंदरों को केले व कार्यकर्ताओं को मिठाई खिला, महिलओं को ओढनी ओढा नेतागिरी कर रहे हैं।

■ विधायक कन्हैयालाल, पूर्व मंत्री नमोनारायण मीणा, पालिकाध्यक्ष व पूर्व काग्रेस जिलाध्यक्ष पहुंचे महापंचायत में

महापंचायत में मौजूद चंद भाजपाईयों द्वारा नमोनारायण मीणा गो-बैक के नारे लगाये जाने पर मीणा ने नारेबाजी को नजरअंदाज कर आंदोलन व क्षेत्र की मांग का खुलकर समर्थन किया। ज्ञापन के पश्चात महापंचायत में मौजूद हजारों की तादात में क्षेत्रवासियों ने प्रदेश की गहलोत सरकार के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए ग्राम पंचायत स्तर की दूदू व नगरपालिका स्तर की केकडी को राजनैतिक दबाव व चहेतों को रेवडियां बांटते हुए दोनों को जिला घोषित कर मालपुरा की अनदेखी करने का विरोध दर्ज करा मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा के लिए विधानसभा सत्र से पहले जयपुर में हजारों की संख्या में ट्रैक्टर रैली निकाल विधानसभा के सामने महापडाव डालने का ऐलान कर दिया। विधानसभा सत्र तक मालपुरा में जनआंदोलन जारी रखने तथा समाज व संगठनों द्वारा ज्ञापन एवं कर्मिक अनशन जारी रखने का निर्णय लिया।

महापंचायत में विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामविलास चौधरी, हंसराज गाथा, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, गोपाल गुर्जर, भारत जोडो यात्री शत्रुध्न जांगिड, कांग्रेस डीआर छोगालाल गुर्जर, शहर अध्यक्ष इश्हाक नकवी, उपप्रधान मूलशंकर शर्मा, प्रधान सकराम चौपडा सहित पूर्व वर्तमान जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। महापंचायत के दौरान कानून व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस लाईन से बुलाये अतिरिक्त पुलिस बल सहित चार थानो का पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

# सुजला जिले की मांग को लेकर सुजानगढ़ में हुआ मातृ शक्ति सम्मेलन, महिलाओं ने दिखाई ताकत




सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर आयोजित सभा को नगरपरिषद की पार्षद पुष्पा कुलदीप ने सम्बोधित किया।

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजला जिला बनाने की मांग को लेकर अब महिलाएं भी मैदान में उतर चुकी है। महिलाओं ने गांधी चौक में मातृ शक्ति सम्मेलन के जरिये ताकत दिखाकर सरकार से जिला बनाने की मांग दोहराई है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल ने कहा कि महिलाएं जब लड़ाई करने उतर जाती है तो बड़ी से बड़ी मांगों को भी सरकार को झुक कर पूरी करनी पड़ती है। इसलिए सरकार सुजला क्षेत्र की मांग गंभीरता से लेते हुए उनकी मांग को पूरा करे। जयश्री कुंडलिया ने कहा कि जिन महिलाओं को लक्ष्मी रुप मे देखा जाता है तो वे महिलाएं अपने हकों, अधिकार की लडाई के लिए दुर्गा का रूप भी ले सकती है। पार्षद पुष्पा कुलदीप ने भी सरकार को चेताया और कहा कि दूदू ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री जिला बना सकते हैं तो सुजानगढ़, जसवंतगढ, लाडनू को मिलाकर सुजला जिला क्यों नही बना सकते है। सुरभि पांडे ने बडी संख्या में महिलाओं के जुटने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को अब उनकी मांग को पूरा करना ही होगा। मातृ शक्ति सम्मेलन में गृहणी महिलाओं के बढ़-चढ़ भाग लेने से गांधी चौक सभागार स्थल खचाखच भरा नजर आया। जिसके बाद सुजला सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विजयपाल श्योराण, किशोरदास स्वामी ने कहा कि अब महिलाएं भी जाग चुकी है। सरकार को महिलाओं की ताकत को समझना चाहिए।

■ जनहित संघर्ष मोर्चा द्वारा सुजला जिले की मांग को लेकर धरना जारी रहा

आंदोलन में प्रधान मनभरी मेघवाल, पार्षद मधु बागरेचा, एडवोकेट संतोष सोनी, पूजा शर्मा, सुनीता रावतानी, चंद्रप्रभा सोनी, भाजपा जिला मंत्री सुमित्रा सैन, सुनीता रावतानी, प्रीति धाडीवाल, किरण पारीक, राधा आर्य, पूजा जांगिड़, रमा शर्मा सहित गांधी बस्ती, हनुमान धोरा, रेलवे फाटक सहित क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही। जनहित संघर्ष मोर्चा द्वारा सुजला जिले की मांग को लेकर धरना बस स्टैंड पर जारी रहा। धरने पर बैठे मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने बताया कि अब आंदोलन और उग्र किया जायेगा। एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने बताया कि 20 अप्रैल को सालासर क्षेत्र में जिले की मांग को लेकर गिरफ्तारियां दी जाएगी। इसी प्रकार 26 अप्रैल को छापर कस्बे में आंदोलन के तहत गिरफ्तारियां दी जाएगी। बिदासर पहुंचकर 3 मई को आंदोलन तेज करते हुए संस्था के कार्यकर्ता व जिले की मांग करते हुए आम लोग गिरफ्तारियां देंगे। इसी प्रकार 10 मई को सांडवा कस्बे में मीटिंग के बाद ग्रामीणों के साथ गिरफ्तारियां दी जाएगी। धरने पर कॉमरेड रामनारायण रुलानिया, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, गुरुदेव गोदारा, तेजपाल गोदारा, पार्षद सिराज खान, लियाकत खान गजानंद प्रजापत, जगदीश सोनी, पवन पारीक, पवन भोजक, दीपक टेलर सहित अनेक लोग धरने पर मौजूद रहे।

# विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए धरना जारी

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर मेड कुंडला क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए क्षेत्रवासियों का धरना उपखंड मुख्यालय पर सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने धरना स्थल पर रामधुनी की एवं सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

इस मौके पर जगदीश यादव, पवन शर्मा जवानपुरा ने कहा कि क्षेत्र की जनता में गहरा आक्रोश है, नवगठित जिला कोटपूतली बहरोड में विराट नगर क्षेत्र को शामिल करना जनता के साथ अन्याय है। सरपंच जयराम पलसानिया, शिवदान फागणा और संतोष मोदी ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांग नहीं मान लेती तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। आवश्यकता पड़ी तो संघर्ष समिति के पदाधिकारी क्रमिक अनशन एवं आमरण अनशन भी करेंगे। क्षेत्र की जनता जयपुर जिले में यथावत रहना चाहती है या फिर विराटनगर क्षेत्र को सरकार नया जिला बनाएं इससे कम किसी भी समझौते पर अब जनता पीछे नहीं हटेगी।

■ सैंकड़ों लोगों ने सातवें दिन भी जारी धरना स्थल पर रामधुनी करते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की

इस मौके पर सेवानिवृत्त अधिकारी बाबूलाल रुडंला, सत्यनारायण सैनी, महेश हलसर, गिरिराज प्रसाद शर्मा, पुरुषोत्तम निमोरिया, जयराम वर्मा, साधुराम योगी, मोहित जाट, जगदीश जाप, जितेंद्र चौधरी, कैलाश राठी, गजराज सिंह, श्रवण सिंह, सोनू सिंह शेखावत, भोमराज चेची, बाबूलाल मीणा, रोमेश मिश्रा, पूर्व सरपंच राजेश यादव, विकास शर्मा, दीपेश चौबे, गोपाल शर्मा, दिनेश सिंह, नेहपाल सिंह, गणपत लाल शर्मा, भागीरथ शर्मा, प्रदीप सिंह शेखावत, ब्रजमोहन सैनी, रामसिंह जाट, सीताराम सैनी, बाबूलाल शर्मा, उमेश योगी, रमेश शर्मा खातोलाई, गोपाल शर्मा, गोपीचंद गुर्जर, बंशीधर सैनी, पूर्व सरपंच रामेश्वर सैनी, शशि प्रकाश धानका, रवि धानका सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# 'शांत राजस्थान को अराजक राजस्थान बनाने का काम गहलोत सरकार ने किया है'

**जोधपुर, (कासं)।** जन आक्रोश महाघेराव से पहले केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहलोत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि शांत राजस्थान को अराजक राजस्थान बनाने का काम अशोक गहलोत सरकार ने किया है। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल हुई है।

रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र जोधपुर पहुंचे शेखावत ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि राजस्थान की सरकार जिस तरह से हर मोर्चे पर विफल हुई है। कानून-व्यवस्था जिस तरह से गिरी है। जिस तरह से गुंडाराज कायम हुआ है। अपराधियों के हौंसले बढ़े हैं। राज्य की जनता के हितों को लेकर जिस तरह का कुठाराघात हुआ है। इसे लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जोधपुर में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभाओं में लगभग एक लाख किलोमीटर की यात्रा करके लाखों-लाख लोगों से संपर्क कर उनके आक्रोश के बिंदुओं को एकत्रित किया है। जिले में जनता से जुड़े हुए विषयों को लेकर बड़े स्तर पर सरकार के घेराव की योजना बनी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा विपक्ष में रहते हुए जन सरोकार के विषयों को लेकर इस तरह के आंदोलन और प्रदर्शन करती रही है। पहले जन आक्रोश यात्रा निकाली थी। अब हम जिले स्तर पर आए हैं। इससे आगे बढ़कर हमें विधानसभा या सचिवालय का घेराव करना पड़े तो भी हम पीछे नहीं हटेंगे।

शेखावत ने कहा कि भारत सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने में राजस्थान सरकार विफल हुई है। लगातार नित नए शिगुफे छोड़कर बिना किसी वित्तीय समर्थन के खोखली घोषणाएं करके चुनाव के समय लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है। इससे राजस्थान की जनता आक्रोशित है। शेखावत ने महावीर उद्यान, कलेक्ट्रेट ऑफिस के सामने सोमवार सुबह 10 बजे से होने वाले महाघेराव की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## घायल मोर को वन कर्मियों को सौंपा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महावीर दल अखाड़ा परिसर मंदिर पुजारी गिरीश शर्मा ने बताया कि बाहर कुत्तों ने एक मोर को घायल कर दिया था। वार्ड के ही गुलशन चौहान और चेतन बागोरिया ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए विहिप के प्रखंड उपाध्यक्ष रवि प्रजापत को सूचना दी। सूचना मिलने पर क़स्बे के सामाजिक कार्यकर्ता विहिप के जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा मौके पर पहुंचे और घायल मोर की नाजुक हालत देख कर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक दिलीप सिंह से वन विभाग में सम्पर्क किया तो विभाग के रीजनल आफिस में उपचार के लिए वन विभाग के सहायक वन पाल दलपत सिंह तथा अन्य कर्मियो को उपचार के लिए सौंपा। राष्ट्रीय पक्षी मोर की सूचना देने पर चौहान व बागोरिया को धन्यवाद दिया।

# अधेड़ की लाठी व सरियों से पीट-पीटकर हत्या

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के हिण्डोला का बांसडा गांव में शनिवार की रात को बाड़े में सो रहे एक अधेड़ की लाठी व सरियों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। उसके बाद मृतक के परिजनों ने मृतक के छोटे भाई सहित दो जनों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज करवाया।

थाना पुलिस ने मृतक के छोटे भाई को हिरासत में लिया तथा घटनास्थल से एफएसएल एवं एमओयू टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटा हत्या में उपयोग लिये गये लाठी व सरिये को जप्त किया। मिली जानकारी में सामने आया कि हिण्डोला का बांसडा गांव निवासी शैतान गुर्जर व गांव के ही प्रधान जाट के बीच शनिवार की रात आपस में लडाई-झगड़ा होने पर ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर समझाईश से मामला शांत किया था।



अधेड़ की हत्या के बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

■ छोटे भाई सहित दो जनों के विरूद्ध नामजद हत्या का मामला दर्ज किया

जिसके बाद शैतान गुर्जर बाडे में रोजमर्रा की तरह सोने चला गया। रविवार की सवेरे बाड़े में पड़ी चारपाई पर शैतान का शव मिला। जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे डीवाईएसपी सुशील मान, थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने शव को कब्जे में ले मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा के साथ घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल व एमओयू टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये। पुलिस अधिकारियों द्वारा मृतक के बाड़े व आसपास की गई जांच पड़ताल में प्रधान जाट के बाड़े में मृतक की जूतियां व खून के निशान सहित लोहे के सरिये व लाठी बरामद हुए तथा मृतक के भाई सरदार की संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजन आरोपी प्रधान जाट की गिरफ्तारी होने के बाद ही शव लेने की जिद्द पर अड़ गये। पुलिस व ग्रामीणों की समझाईश के बाद परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

# बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा का पेपर लीक करने वाले प्राइवेट तीन वीक्षक गिरफ्तार

## कालाडेरा कॉलेज सेठ आर. एल. सहरिया पीजी महाविद्यालय से बी. ए. प्रथम वर्ष की भूगोल का पेपर शनिवार को लीक किया था

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** प्रदेश में पेपर लीक होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जयपुर जिले के चौमूं उपखण्ड के गांव कालाडेरा कस्बे के सेठ आर एल सहरिया पीजी महाविद्यालय में भी शनिवार 15 अप्रैल को बी. ए. प्रथम वर्ष के भूगोल विषय का पेपर परीक्षा से 15 मिनट पहले ही प्राइवेट वीक्षकों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परीक्षा पेपर लीक करने के मामले में नामजद आरोपी तीन प्राइवेट वीक्षकों को गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार जिसकी सूचना बाद में दोपहर 1.15 मिनट पर यूनिवर्सिटी प्रशासन को मीडिया के ग्रुप व सोशल मीडिया के द्वारा पेपर सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी मिलने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कालाडेरा कॉलेज प्रशासन को दी। जिसके बाद कॉलेज प्रशासन ने इस पूरे मामले को लेकर कालाडेरा पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिस पर जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा नंबर 98/2023 धारा 420, 120 बी भादस व 3, 4, 5, 6, राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा ( अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 1992 में त्वरित कार्यवाही करने के आदेश देने के बाद जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) धर्मेन्द्र यादव व वृताधिकारी वृत गोविन्दगढ़ बालाराम के सुपरविजन में कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए परीक्षा पेपर लीक करने के मामले में नामजद आरोपी तीन प्राइवेट वीक्षकों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी वीक्षक बाबु मंजीत सिंह पुत्र रणजीत कुमार रैगर निवासी रैगरों का मोहल्ला कालाडेरा, विक्रम कुमार पुत्र भागीरथ मल रैगर निवासी नृसिंहपुरा थाना कालाडेरा, जितेन्द्र कुमार पुत्र गणपत लाल बलाई निवासी, खन्नीपुरा थाना कालाडेरा को गिरफ्तार किया गया है। जिन से पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। तीनों आरोपियों ने परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले ही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया था।




परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस ने प्राईवेट तीन वीक्षकों को गिरफ्तार किया।

## रेप के दोषी को 10 साल की जेल

**हनुमानगढ़, (निसं)।** नाबालिग से रेप के दोषी को विशिष्ट न्यायालय पोक्सो मामले ने शनिवार को दस साल कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जानकारी के अनुसार 19 जून 2019 को गोगामेड़ी थाने में पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कराया था। इसमें पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह फरवरी 2019 में गांव स्थित कोचिंग सेंटर में कोचिंग करने जाती थी। वहां गांव का ही प्रदीप कुमार (22) चेतराम कोचिंग करवाता था। एक दिन आरोपी ने उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। उसके बाद भी दो-तीन बार रेप किया। जून 2019 में उसने कोचिंग जाना छोड़ दिया। घरवालों ने कोचिंग नहीं जाने का कारण पूछा तो पीड़िता ने पूरी बात बताई।

पुलिस ने आरोपों के आधार पर पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया। कोर्ट में अभियोजन पक्ष ने 8 गवाह पेश किए और 26 दस्तावेज पेश किए। सुनवाई पूरी कर कोर्ट ने आईपीसी की धारा 376 और धारा 5 में आरोपी प्रदीप कुमार को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# दो हादसों में तीन की मौत

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के रावतसर थाना क्षेत्र में 2 सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत हो गई है। पहला हादसा में चाईया के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरा हादसा खोड़ा से केसरदेसर रोड पर हुआ, जहां एक ट्रैक्टर के आगे अचानक पशु आने से अनियंत्रित हो कर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे 3 में से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार चाईयां गांव के पास अज्ञात वाहन ने सतवीर मीणा की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह नरूका ने बताया कि करीब साढ़े आठ बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि चाईयां गांव के पास स्थित एसआर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को रावतसर अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सतवीर मीणा के रूप में हुई। सीआई नरूका ने बताया कि मृतक सतवीर भारतीय डाक विभाग में कर्मचारी के रूप में सरदारशहर में कार्यरत था।

सीआई रविंद्र सिंह नरूका ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि खोड़ा-केसरदेसर रोड पर एक ट्रैक्टर के आगे अचानक पशु आ गया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने ट्रैक्टर रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हो गए, जबकि 1 को मामूली चोट आई है। घायलों को इलाज के लिए रावतसर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 2 लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि 1 घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों की पहचान विनोद कुमार और शंकरलाल, जबकि गंभीर घायल की पहचान सुभाष के रूप में हुई है।

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बाँसवाड़ा-327001 (राज.) मो. +91-7357477123
क्रमांक : एफ( )गोगुजवि/बाँस./2023/12 दिनांक : 16.04.2023
अधिसूचना-3
पीटीईटी 2023 अंतर्गत दो वर्षीय बी.एड एवं चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड एवं बीएससी बी.एड प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 19 अप्रैल 2023 रात 11:59:59 तक की जाती है।
समन्वयक
पी.टी.ई.टी.-2023 एवं 04 वर्षीय बी.ए./बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023

# सरकार ने कर्मचारियों के हित में ओपीएस सहित अनेक कल्याणकारी निर्णय लिए : धारीवाल



कोटा में स्वायत्त शासन मंत्री ने कर्मचारी अधिवेशन में सम्मान किया।

**कोटा,** (निसं)। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि सरकार ने राज्य सरकार ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है, कर्मचारियों के हित में देशभर में पहली बार ओपीएस सहित वेतन विसंगति एवं पदोन्नति के क्षेत्र में अभूतपूर्व कल्याणकारी निर्णय लिए है। स्वायत्त शासन मंत्री रविवार को सूचना केन्द्र में आयोजित राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ (लोकतान्त्रित) के अधिवेशन में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से रूबरू हो रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में आधारभूत विकास के साथ फ्लैगशिप योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठन लम्बे समय से पुरानी पेंसन बहाली के लिए मांग करते आ रहे थे जिसे मुख्यमंत्री जी ने देश में पहलीबार राजस्थान में लागू कर सम्पूर्ण देश का दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभागों के पुर्नगठन, पदोन्नति के लम्बित प्रकरणों का समय पर निराकरण करने का कार्य किया है। अनेक विभागों में वेतन विसंगति की समस्या को दूर किया गया है। उन्होंने कहा किसी भी सरकार की योजनाओं को धरातल पर लागू करने की जिम्मेदारी अधिकारी, कर्मचारियों की होती है ऐसे में वे जिस भी विभाग या स्थान पर कार्यरत हो अपने दायित्वों का इस प्रकार निर्वहन करे कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके।

सरकार कर्मचारियों के हित में सदैव कार्य करती रही है उनकी समस्यों का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने राज्य सरकार द्वारा कर्मचाकरियों के हित में लिए गये निर्णयों की चर्चा कर सभी पदाधिकारियों का बधाई दी। मुख्यवक्ता एवं प्रदेशाध्यक्ष सूर्यप्रकाश टाक ने कर्मचारियों को संगठन के हित में सदैव तत्पर रहने का आव्हान करते हुए कहा कि कर्मचारी सदैव सरकार की योजनाओं को धरातल पर साकार करते है। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रकाश टाक का स्वागत किया गया। वरिष्ठ कर्मचारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष रतन कुमार सामरिया सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम का संचाचन विद्यासागर शर्मा ने किया।

# पुलिस दिवस समारोह का आयोजन हुआ



कोटा में पुलिस दिवस समारोह पर परेड एवं सम्मान किया गया।

**कोटा,** (निसं)। पुलिस दिवस पर रेंज स्तरीय समारोह का आयोजन पुलिस महानिरीक्षक प्रसन्न कुमार खमेसरा के मुख्य आतिथ्य में पुलिस लाईन कोटा शहर में किया गया।

प्रात: 7 बजे सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया जिसमें महिला पुलिस सहित पुलिस की 03 टुकड़ियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में कोटा रेंज के जिलों में पदस्थापित 190 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों जिनकी सेवाऐं बेदाग रही व अब तक का कार्य उत्कृष्ट रहा उन्हें सर्वोत्तम सेवा चिन्ह, अति उत्तम सेवा चिन्ह तथा उत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित किया गया।

समारोह में जिला कलक्टर ओपी बुनकर, पुलिस अधीक्षक शहर शरद चौधरी, ग्रामीण कावेन्द्रसिह सागर, सभी पुलिस अधिकारी गण, जिले के सेवानिवृत पुलिस अधिकारी/कर्मचारी तथा प्रशासनिक अधिकारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं सी.एल.जी. सदस्यों ने भाग लिया।

# आर्य समाज ने 'परिंडे बांधो' अभियान के तहत पार्क में परिंडे बांधे

**कोटा,** (निसं)। आर्य समाज आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा द्वारा गर्मी के इस भीषण आतप में पक्षियों के लिए परिंडे बांधो अभियान का संचालन किया जा रहा है। अपने इसी सेवा कार्य के अंतर्गत आर्य समाज कोटा द्वारा साबरमती कॉलोनी के पार्क में पेड़ों पर मंत्रोचार के साथ नगर निगम कोटा दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल व पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष रमेशचंद गुप्ता द्वारा पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे बांधे गये व उनमें पानी भरा गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा के प्रचार प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि प्रतिनिधि सभा के प्रधान अर्जुन देव चड्डा के साथ वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट चंद्र मोहन कुशवाहा, किशन आर्य हरियाणा, सूरत सिंह यादव, पंडित श्योराज वशिष्ठ तथा नरेंद्र शर्मा साबरमती कॉलोनी के पार्क में पहुंचे।

शास्त्री ने बताया कि परिंडे बांधने के इस अवसर पर महापौर नगर निगम कोटा दक्षिण राजीव अग्रवाल ने कहा कि प्यास से व्याकुल होकर पानी की तलाश में भटकते पक्षियों के लिए परिंडे बांधना पुण्य कार्य है इसके लिए आर्य समाज के सभी कार्यकताओं को बहुत-बहुत साधुवाद है। इस अवसर पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष रमेशचन्द गुप्ता ने कहा कि आर्य समाज के सेवा कार्य सभी के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं।

गर्मी के मौसम में इस प्रकार पार्कों में मिट्टी के परिंडे बांधना एक अनुकरणीय कार्य है आर्य समाज द्वारा प्राणी मात्र के भले की भावना से किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं इसके लिए आर्य समाज के कार्यकताओं का धन्यवाद व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चड्डा ने कहा कि आर्य समाज द्वारा कोटा में पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों, पार्कों, स्कूलों तथा मंदिरों में परिंडे बांधना का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा 15 लाख का पुरस्कार

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा नवाचार प्रयोग के लिए 15 लाख का पुरस्कार प्रदान किया गया है। सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि राजस्थान कॉलेज जयपुर में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार की और से आयोजित राजस्थान आईटी डे के अवसर पर लगातार 36 घंटे तक आयोजित राजस्थान आईटी डे हैकथॉन में देश भर के 3000 से ज्यादा युवाओं नें ऑनलाइन प्रतिभागिता निभाई साथ ही इसके आलावा ऑफलाइन हैकथॉन में 70000 से ज्यादा युवाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उनमें से विजेता युवाओं को राजस्थान सरकार द्वारा 90 लाख लागत के काम दिए गए।

ऑफलाइन हैकथॉन में प्रथम पुरस्कार में 25 लाख, दूसरे पुरस्कार में 20 लाख एवं तृतीय पुरस्कार विजेता टीम को 15 लाख का कार्यादेश दिया गया। कुलपति प्रोफेसर एस के सिंह के निर्देशन में उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने गये विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा ऑफलाइन प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार गोल्डन रेवोलुशन टीम राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी कोटा के छात्रों को दिया गया। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र विजेता टीम में कृष्णकांत यादव नकुल शर्मा, दिव्या शर्मा, नरेश सुमन, खुशी वर्मा और दिशा चौधरी के द्वारा बनाए गए इस प्रोजेक्ट के लिए उन्हें राजस्थान सरकार द्वारा 15 लाख का पुरस्कार दिया गया है। इन छात्रों की टीम ने मानव रहित कचरा निस्तारण प्रोजेक्ट बनाया जिसमें वेस्ट मैनेजमेंट पर मॉडल के अलग-अलग टैंक बनाए गए। इसमें कैमरा तथा अल्ट्रा की सहायता से कचरे को विभाजित किया जाता है।

छात्रों ने बताया की यदि कोटा शहर में इस मॉडल की नो यूनिट लगाई जाए तो एक दिन में ही कचरे को निस्तारित किया जा सकता है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर एसके सिंह ने विजेता विद्यार्थियों की टीम को शुभकामनाएं प्रदान की उन्होंने कहा कि नवाचार प्रयोग विद्यार्थियों की उद्यमशीलता व रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों कुछ अलग हटकर करने की आवश्यकता है। कौशल विकास के साथ विद्यार्थी अपने विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राज्य सरकार ई-गवर्नेंस की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। सूचना प्रौद्योगिकी में आज राजस्थान अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य युवाओं के जरिये भारत में इनोवेशन के कल्चर को बढ़ावा देना, नवाचार के जरिये देश एवं समाज की समस्याओं का समाधान करना और परंपरागत तरीके से अलग हटकर सोचने की संस्कृति विकसित करना है।

## असंगठित कामगारों के लिए शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। श्री राधा कृष्ण प्राचीन मंदिर समिति (यादव समाज) बल्लभबाड़ी मे संयुक्त श्रम आयुक्त कोटा कमल चंदोलिया जी के निर्देशन मे निशुल्क असंगठित मजदूरों हेतु प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं ई-श्रम कार्ड का सार्वजनिक लाभ दिलाने हेतु विशाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 150 से अधिक लोगों ने सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया। आयोजक करता वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महिला इंटक कांग्रेस सुमन मठसिंहला ने श्रम निरीक्षक अजय व्यास, अमित मालव, मनीष नगर एवं श्रम विभाग कोटा का आभार व्यक्त किया।

# सर्किल द्वारा सिन्धी फिल्म वरदान दिखाई गई

**कोटा,** (निसं)। सिन्धु सोशल सर्किल, कोटा ने सिन्धी फ़िल्म वरदान 2 का प्रदर्शन फन सिनेमाघर में आयोजित किया जिसे सभी दर्शकों की भरपूर सराहना मिली।

इस फ़िल्म के प्रदर्शन की शुरुआत रिबिन काटकर फ़िल्म के गायक गिरीश कृपलानी, संस्थापक सचिव गोपाल सपरा, संरक्षक मुरलीधर अलरेजा, अध्यक्ष राज ठाकुर, उपाध्यक्ष बसंत वलेचा, सचिव शमशेर परमानी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर विमल परियानी, पूर्व सचिव किशन रतनानी ने की। इस मौके पर फ़िल्म के गायक कोटा के गिरीश कृपलानी, मैनेजर भारती मतानी,राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद भारद्वाज का स्वागत किया गया। अध्यक्ष राज ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया, सचिव शमशेर परमानी ने आभार प्रकट किया। सिन्धी समाज में अपनी संस्कृति के प्रति चाह का बढ़ना और सिन्धी परिवारों में बेटी को मिलने वाली अहमियत का संदेश देती इस फ़िल्म में राजस्थान के टौंक,अजमेर और उदयपुर के कलाकारों के बेहतरीन अभनिय, प्रभावी संवाद और मधुर गीतों ने सबका मन मोह लिया। सर्किल के सीए हरीश दयानी, जय चंचलानी, सांस्कृतिक सचिव पायल गोपालानी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कटारिया ने इसे एक अभिनव पहल बताया।

# मजदूर संघों को आ रही समस्याओं के समाधान पर चर्चा हुई

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान इंटक कार्यसमिति की 184वीं बैठक राजस्थान इंटक प्रदेशाध्यक्ष, राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में मुख्य अतिथि गुलाबपुरा नगरपालिका के चेयरमैन सुमित काल्या थे और विशिष्ठ अतिथि मसूदा विधायक राकेश पारीख व पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा थे। मीटिंग में 14 सूत्रीय एजेंडे पर बिन्दुवार चर्चा कर उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से पारित किए। इसके साथ ही प्रदेश संगठन मंत्री राजेश चौहान का श्रीमाली ने माल्यापर्ण कर स्वागत किया।

चौहान द्वारा संगठन को समय-समय पर आर्थिक सहयोग किया जाता रहा है साथ ही संगठन में उनकी सक्रीय भागदारी से अन्य लोग भी प्रभावित होते हैं। जिस एजेंडे पर चर्चा हुई उसमें मुख्यतया राजस्थान सरकार के वर्ष 2023 के बजट में मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों व श्रमिकों के लिए की गई घोषणाओं के लिए गहलोत का आभार व्यक्त करना, नए पंजीकृत संघों की सम्बद्धता,निष्क्रिय संघों की असंबद्धता, केंद्रीय व राज्य इंटक की लेवी जमा करवाने, यूनियनों के वर्ष 2022 का वार्षिक रिटर्न ऑनलाइन जमा करवाने, स्पिन फेड की बन्द 3 मिलों के शेष कर्मचारियों को समायोजित करवाने व मिलों को पुन: चलवाने, प्रदेश में इंटक संगठन की सदस्यता बढ़ाने और सरकार से संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों व कर्मचारियों की मांगों के संबंध में प्रस्ताव पारित किए।

मीटिंग में राजस्थान इंटक के स्थाई कोष के लिए अनेक संगठनों व पदाधिकारियों ने दिल खोल कर राशि जमा करवाने की घोषणा की, घोषणाकताओं को श्रीमाली ने माला पहना कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों ने अपने सम्बोधन में प्रदेश इंटक की पूर्व के मुकाबले कई गुणा मजबूती की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सब श्रीमाली अनवरत व अथक मेहनत का नतीजा है।

श्रीमाली ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज प्रदेश इंटक को जो मान व सम्मान देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुझे राज्य मंत्री का दर्जा दिया व बजट में प्रदेश के मजदूरों व कर्मचारियों के लिए जो घोषणाएं की उससे प्रदेश के कर्मचारियों को बड़े लाभ हुए है।

मीटिंग में प्रदेश इंटक के सेक्रेट्री जनरल रमेश व्यास, नरोत्तम जोशी, भागचंद चौधरी,यूथ इंटक प्रदेशाध्यक्ष नारायण गुर्जर, महिला इंटक प्रदेश अध्यक्ष चंदा सुहालका और घासी लाल शर्मा, बजरंग लाल मीणा, संजय सिंह शेखावत, संगठन मंत्री राजेश चौहान, गुलाबपुरा इंटक अध्यक्ष पार्षद रामदेव खारोल और उपाध्यक्ष इलियास मोहम्मद ने सम्बोधित किया। प्रदेश इंटक सह कोषाध्यक्ष इंदुशेखर व्यास ने आय-व्यय का हिसाब पेश किया व धन्यवाद भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष दीपक व्यास ने दिया। अगली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष धनपाल ने अपने यहां करवाने का अनुरोध किया जिसे श्रीमाली ने स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यसमिति मीटिंग में भारी तादात में पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया।

# शिविर में 198 यूनिट रक्तदान हुआ

■ 315 लोगों का हेल्थ चेकअप हुआ

**कोटा,** (निसं)। ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्प्लॉईज एसोसिएशन द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन डॉ.भीमराव अम्बेडकर सभागार रेलवे कॉलोनी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ.अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर डीआरएम मनीश तिवारी एवं जिला कलेक्टर द्वारा भारतीय रेल की 170वीं वर्षगांठ के अवसर पर केक भी काटा गया। एसोसिएशन के मंडल सचिव अभय सिंह मीणा ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी, अति विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर ओपी बुनकर थे।

अध्यक्षता पमरे जबलपुर जोन के अध्यक्ष आर.के. जेफ, मुख्य वक्ता पमरे जबलपुर जोन सचिव पुरूषोत्तम आटिया, विशिष्ट अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक के.के.आर सिंह, सहायक श्रम आयुक्त एम.पी.मीणा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुषमा भटनागर मंचासीन रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने कहा कि यह भारत देश का सौभाग्य है जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जैसी शख्सियत ने जन्म लिया।

उन्होंने विपरीत और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अनुकरणीय शैक्षिक विद्वता हालिस की साथ ही सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध उन्होंने एक बड़ा अभियान चलाया और उन्होंने श्रमिकों, किसानों, महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। डीआरएम मनीष तिवारी ने कहा कि इस पावन अवसर पर हम सभी को यह संकल्प दोहराना चाहिए कि हम सभी एक हैं और हमारे बीच में कोई भेदभाव नहीं है।

कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के जीवन संघर्ष से सीखने और संकल्प लेने की आवश्यकता है कि परिस्थितियां चाहें कितनी भी कठिन और संघर्षपूर्ण हो, हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हर प्रयास करने चाहिऐं। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति जागृति आई है, लेकिन बच्चों को तकनीकी और उच्च शिक्षा के लिए भी प्रेरित करने की आवश्यकता है, ताकि वे देश की नीति निर्धारण में अपनी भूमिका अदा कर सकें।

मंडल अध्यक्ष एचएस जाटव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एसोसिशन विगत 15 वर्षों से हर वर्ष डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में सामाजिक सरोकार के कार्य करते आ रही है। उन्होंने कहा कि आज देश डॉ. अम्बेडकर के द्वारा बनाए संविधान के तहत चल रही है। मंडल सचिव अभय सिंह मीणा ने कहा कि मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी एवं जिला कलेक्टर ओपी बुनकर का एसोसिएशन को समय-समय पर पूरा सहयोग मिलता रहता है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रेल 1970 को भारतीय रेल की स्थापना की गई थी, यह हम सभी का सौभाग्य है कि आज हम यहां भारतीय रेलवे की 170 वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं।

# अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

■ ममता विजयवर्गीय के मनोनयन पर सभी सदस्यों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**कोटा,** (निसं)। महाकाल की पवित्र भूमि उज्जैन में आयोजित अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महिला संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक विजयवर्गीय धर्मशाला में सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीलम मुकेश विजय ने बताया कि बैठक में मुख्य आतिथ्य आशा कैलाश विजयवर्गीय, इन्दौर व अध्यक्षता निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नम्रता विजयवर्गीय व विशिष्ट अतिथि संस्थापक अध्यक्ष डा.सावित्री विजयवर्गीय व पूर्व अध्यक्ष प्रभा विजयवर्गीय की उपस्थिति में आयोजित की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीलम मुकेश विजय ने बताया कि महिला संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में कार्यकाल के कार्यक्रम व संगठन के बढ़ते स्तर की सराहना की गई।देश भर से आये हुऐं सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में निर्विरोध व सहमति पूर्ण निर्णय से दिल्ली निवासी ममता संतोष विजयवर्गीय को नया अध्यक्ष चुना गया।

ममता विजयवर्गीय के मनोनयन पर सभी सदस्यों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नम्रता विजयवर्गीय के कुशल नेतृत्व में महिला संगठन ने विशिष्ट पहचान बना कर गौरवान्वित किया हैं।

मंच संचालन संगीता प्रमेन्द्र विजयवर्गीय के द्वारा किया गया। कोटा से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभा सीपी विजयवर्गीय, हेमा महेश, संगीता प्रमेन्द्र विजयवर्गीय, कुसुम मुकेश, पुष्पांजली दिनेश, चंचल ओमप्रकाश, मिथिलेश प्रमोद विजयवर्गीय ने भी भाग लिया।

**खोया पाया**

मेरा एक खरीदशुदा मकान 5-F-28 तलवण्डी का मूल अदेय प्रमाण पत्र जेरोक्स करके आते वक्त कही गुम हो गया जिस किसी भी सज्जन को मिले तो इस नम्बर पर सम्पर्क करें।

मो.9799053001

# कोटा जिला माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण सम्पन्न

■ जम्बोजेट 36 सदस्य कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हुआ




कोटा जिला माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है।

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्र का हित सर्वोपरि होता है। हमें राष्ट्रसेवक बनकर कार्य करना चाहिए। हमारे समाजिक कार्यक्रमों का उद्देश्य जनहित, राष्ट्रहित होना चाहिए। यह बात अ.भा.मा.महासभा के उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला ने कोटा जिला माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण समारोह में कही।

बिरला ने जिला सभा को निर्देशित करते हुए कहा कि नवीन कार्यकारिणी महासभा की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाएं। बिरला ने कहा कि जब अंतिम व्यक्ति को बल मिलता है तो उससे समाज व समाज राष्ट्र सुदृढ़ होता है। इससे पूर्व कोटा जिला माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण समारोह झालावाड़ रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें सुरेशचंद्र काबरा अध्यक्ष, पुरूषोत्तम बल्दुआ वरिष्ठ उपाध्यक्ष व ओमप्रकाश गट्टानी मंत्री पद सहित 16 पदाधिकारी एवं 20 सदस्यो ने पद,गोपनियता व सेवा की शपथ ली। कार्यक्रम का प्रारंभ समाज अध्यक्ष राजेशकृष्ण बिरला, मंत्री बिट्ठलादास मूंदडा, प्रदेशाध्यक्ष पूर्वी राज. महेशचंद अजमेरा, मंत्री आन्नद राठी, उपसभापति पश्चिमांचल महिला संगठन मधु बाहेती, जिला अध्यक्ष सुरेश काबरा, मंत्री ओमप्रकाश गट्टानी, निवर्तमान अध्यक्ष पर्वी राज.घनश्याम राठी, बूंदी जिलाध्यक्ष चन्द्रभान लाठी, झालावाड़ जिलाध्यक्ष बसंत कासट, बारां जिलाध्यक्ष बनवारी माहेश्वरी व जिला अध्यक्ष महिला भारती डागा ने भगवान महेश की पूजा व अर्चन से कार्यक्रम का प्रारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन महेशचन्द्र अजमेरा ने किया। सदन ने दिवंगत सदन ने दिवंगत सदस्यों के लिए 2 मिनिट का मौन भी रखा। सभा में पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण बांगड़ समाज उपाध्यक्ष नंदकिशोर काल्या, कोषाध्यक्ष राजेंद्र शारदा, पंचायत अध्यक्ष केजी जाखेटिया, प्रमोद कुमार भंडारी मंचासीन सकल जैन समाज के अध्यक्ष विमल नान्ता, धर्मचंद काला, विमल जैन, कोटा उत्तर निगम से नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा सहित माहेश्वरी समाज व समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा व कोटा जिला सभा कार्यकारी मण्डल की बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। सभा जिला व प्रदेश सभा ने सर्वसम्मिति से राजेश कृष्ण बिरला को पुन: उपसभापति पश्चिमांचल अ.भ.माहे.महासभा बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसे करतल ध्वनि से सबने स्वीकार किया।

इस अवसर पर राजेश कृष्ण बिरला ने सानिध्य में समाज के लोगों ने शपथ लेकर प्री विडिंग फोटोशूट का बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि इस कुप्रथा को वह समाज पर हावी नहीं होने देंगे यह पूर्ण से व्यर्थ है, महासभा भी पूर्व में इसका बहिष्कार कर चुकी है।

इस अवसर पर समाज में आयोजित भोज व मांगलिक कार्यो में भोजन के अपव्यय को रोकने व अंधी होड को समाप्त करने के लिए 18 व्यजंनों तक कार्यक्रम को समिति करने की मांग उठी। बिरला ने कहा कि समाज को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।

बैठक में महासभा आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में अधिक आयु होने पर पर भी रिश्ते ना करने, उपनाम की जगह माहेश्वरी सरनेम को जोड़ने और संस्कार शिविर भी मांग उठी। जिला अध्यक्ष सुरेशचन्द्र काबरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला सभा समाज व महासभा के बीच सेतु बन कर कार्य करेगी। उनकी टीम को जो जिम्मेदारी सौपी गई है वह पूरी निष्ठा से करने का प्रयास करेंगे।

पूर्वी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष महेशचंद्र अजमेरा ने आर्थिक सर्वेक्षण में भागीदार बनने की अपील की व रिश्तो की समस्या के समाधान समाज में रिश्ते जोड़ने के लिए परिचय सम्मेलन की आवश्यकता व प्रारूप पर चर्चा की। घनश्याम लाठी ने महासभा की मिटिंगों व योजना के बारे में प्रकाश डाला। मधु बाहेती ने जिला सभा को शुभकामनाएं देते हुए उनको महासभा की योजनाओं को जनता तक पहुचाने का बात कही। पूर्वी राज. के प्रथम अध्यक्ष बाल कृष्ण बांगड ने महिला सदस्यो के परिश्रम व सेवाकार्य को रेखांकित किया। बूंदी,बारां व झालावाड़ से आए जिलाध्यक्षों ने मंच से अपनी बात रखी।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक -एफ-15/कृ.भू.रू./2023/81 **विज्ञप्ति** दिनांक 13.04.2023

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम नयाखेडा में स्थित कृषि भूमि योजना गणपति नगर खसरा नं. 439 में स्थित भूखण्ड संख्या 203 आवेदक श्री राजीव शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र शर्मा निवासी मेनाल रेजींडेन्सी के पीछे, 201 गणपति नगर, कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 2989 दिनांक 27.01.2004 को श्रीमति दुर्गा देवी पत्नि स्व. श्री देवकीनन्दन शर्मा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 24.12.2008 श्री प्रणति भट्टाचार्य पत्नि श्री सृजान भट्टाचार्य को किया गया है। जिसका नामान्तरण आदेश क्रमांक 3454 दिनांक 08.10.2014 को जारी किया गया। नामहस्तान्तरि द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 07.11.2022 को जर्ये मुख्तारआम श्री संजय कुमार जैन पुत्र श्री किशनलाल जैन, नवीन कुमार विज पुत्र श्री प्रेम सागर विज एवं श्रीमती तेजकंवर जैन पत्नि श्री बाबूलाल जैन द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री राजीव शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र शर्मा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला कोटा ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.रा/नि.शा./2023/107 दिनांक:- 13.04.2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के कार्य योजना के क्रियान्यवन हेतु नगरपालिका रामगंजमण्डी द्वारा Solid Waste Management Rule 2016, Plastic Waste Management Rule 2016, Construction & Demolition Management Rule 2016, Service Level Bench Mark For Sanitation स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा सभी नगरीय निकायों में प्रभावशाली किए जाने हेतु निर्देशित किया है। नियमों की प्रतिलिपि सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ रामगंजमण्डी नगरपालिका कार्यालय में समय प्रात: 10.30 बजे से शाम 06.00 बजे तक अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगंजमण्डी

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस का आयोजन हुआ


**झालावाड़** (निसं)। जिला मुख्यालय पर रिजर्व पुलिस लाईन में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया गया जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि राजस्थान पुलिस अपनी गौरवशाली परम्पराओं के अनुरूप कानून-व्यवस्था, शांति एवं सद्भाव को बनाये रखने के साथ हिंसा और अपराध की रोकथाम के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

पुलिस जवानों ने नागरिकों के जान माल की सुरक्षा के लिए अनेक अवसरों पर त्याग एवं बलिदानों के अनुरूप उदाहरण प्रस्तुत किये है राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर

■ 34 पुलिस कर्मियों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किये गये

आज रिजर्व पुलिस लाईन झालावाड में सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया, परेड उपरांत उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 34 पुलिस कर्मियों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किये गये। पुलिस कर्मचारियों के 12 बच्चों को 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर पुरुस्कृत किया गया। 3 बच्चों को निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरूस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम में सम्मलित सीएलजी सदस्य व सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ संवाद किया गया।

तत्पश्चात् पुलिस लाईन झालावाड में अधिकारियों, कमर्चारियों की सम्पर्क समा के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुना गया। अपना व अपने परिवारों को बीमारियों के प्रति सजग रहने व समय-समय पर अपना मेडिकल चेकअप कराने की अपील की गई। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सहित चिरंजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, देवेन्द्र सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं 8 उप अधीक्षक पुलिस 3 पुलिस निरीक्षक, 15 उप निरीक्षक, स.उ.नि. 115 हैड कानिस्टेबल, कानिस्टेबल सम्मिलित हुए।



झालावाड़ जिला मुख्यालय पर रिजर्व पुलिस लाईन में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया।

# धाकड़ कर्मचारी संघ का सम्मान समारोह सम्पन्न

**छीपाबड़ौद** (निसं)। धाकड़ कर्मचारी संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को बालाजी की डूँगरी पर डॉ. विनोद कोटड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।प्रवक्ता रामप्रसाद नागर ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ सम्पतराज नागर सीएमएचओ बारां, अतिविशिष्ट अतिथि वंदना नागर प्रधान पंचायत समिति अटरू एवं हरिओम नागर प्रधान पंचायत समिति छबड़ा रहे। विशिष्ट अतिथि हेमन्त नागर अंताना, रामेश्वर नागर सरपंच पटना, प्रियंका नागर सरपंच बमोरी घाटा, रामकरण मेहता, घासीलाल धाकड़, चौथमल धाकड पूर्व प्रधान,रामकिशन मालव, दीपक नागर आदि वक्ता मंच पर मौजूद रहे। रामकरण मेहता ने भीमराव अंबेडकर का उदाहरण देते हुए बताया कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वो दहाडेगा के माध्यम से लोगो को शिक्षा के प्रति जाग्रत किया। प्रधान वंदना ने महिलाओं को घर से बाहर निकलकर शिक्षा एवं राजनीति के क्षेत्रों में आगे आने के लिये जागरूक किया। हेमन्त नागर ने लोगो को कृषि में होने वाले नवाचारों के बारे में बताया। प्रधान हरिओम ने समाज के सम्पन्न व्यक्तियों से गरीब प्रतिभावान विद्यार्थियों की आर्थिक मदद करने का आव्हान किया। डॉ सम्पतराज नागर ने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य को दृढ़ रखकर लगातार मेहनत करने के लिये प्रेरित किया। डॉ नागर ने सभी प्रतिभाओं से अपनी रुचि के अनुसार उसी क्षेत्र में जाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुरारीलाल नागर मंडल अध्यक्ष, जगदीश नागर गगचाना, मनोज छबड़ा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश नागर द्वारा किया गया।

# क्रिकेट लीग का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। हायर सेकंडरी विद्यालय में परशुराम क्रीडा प्रतियोगिता व क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ हुआ। अरबन बैंक अध्यक्ष सत्येश शर्मा, राजस्थान बीज निगम के निदेशक चर्मेश शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास,सदर थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज व आढ़तिया संघ के पूर्व अध्यक्ष गणेशलाल भाया ने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। महासभा के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच,धनंजय शर्मा, घनश्याम दुबे, प्रतियोगिता आयोजन समिति के सदस्य शारीरिक शिक्षक आशीष शर्मा आशु, मंथन पंचोली पीयूष शर्मा गुल्लू,विकास सनाढ्य,राजेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

## सार-समाचार

### कार्यकारिणी गठित



**छबड़ा** (निसं)। जिला बैरवा महासभा समिति के तत्वावधान में गुगोर माताजी मंदिर पर बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कन्हैयालाल बैरवा ने की। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रहे राधेष्याम बैरवा थे। विषिश्ट अतिथि के रूप में हेमराज बैरवा, बुद्धिप्रकाष बैरवा, चेतन भारती, सीएल प्रेमी उपस्थित थे। यहां सर्वसम्मति से छीतरलाल बैरवा को अध्यक्ष, हंसराज बैरवा को सचिव, डॉ. बिरधीलाल बैरवा को कोशाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर षिवचरण बैरवा द्वारा समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर करने पर प्रकाष ड़ाला। राजेष सिसोदिया ने बालिका षिक्षा पर जोर दिया। बिरधीलाल बैरवा ने बाबा साहब की जीवनी पर विचार व्यक्त किए। रामनारायण बैरवा ने छात्रावास निर्माण हेतु गांव-गांव जाकर बैठके आयोजित कर आर्थिक सहयोग एकत्रित किए जाने की बात कही।

### प्राकट्योत्सव पर प्रभात फेरी निकाली

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में महाप्रभु वल्लभाचार्य का 546वां प्राकट्य महोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया। प्रचार मंत्री मथुरेश सोनी ने बताया कि इस अवसर पर प्रभात फैरी निकाली गई जो मुख्य मार्गो से होती हुई नदी दरवाजे पर पहुंची, यहां सामूहिक यमुनाष्टक में यमुना का गायन किया गया। वल्लभ संप्रदाय के अनुयायियों ने अपने घरो पर ठाकुरजी को पालना झुलाया। वही, गोवर्धननाथ मंदिर पर सामूहिक पालना झूलाया गया। गोकुलचंद सोनी के यहां नंद महोत्सव आयोजित हुआ। प्रभातफैरी में गोविंद सोनी, रामेंद्र गगरानी, संजय महेश्वरी, अनूप सोनी, दिलीप नामदेव, बलराम सोनी, सत्यनारायण, ज्योतिरादित्य सोनी, मानवेंद्र सोनी, काव्य सोनी, सोमदत्त सेन, जगदीश सोनी, कमलेश, लाभांश सोनी, हिम्मत सोनी, नंदकिशोर सोनी, कमलेश बंसल एवं कालिंदी महिला मंडल की सदस्य भी मौजूद थी।

### मारपीट में दंपति घायल

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के रंगपुरा गांव में षुक्रवार रात को सोते समय पुरानी रंजिष को लेकर चार लोगो ने हमला कर दिया। जिसमें दंपति घायल हो गए। पुलिस सूत्रो के अनुसार रंगपुरा निवासी कमला बाई बंजारा ने बताया कि षुक्रवार रात को वह घर पर सो रही थी। उसके पति खेमचंद गेहूं का भूसा लेने खेत पर गए थे। तभी गांव के अमरलाल पुत्र गंगाराम, गोविंद पुत्र गंगाराम, मनोज पुत्र अमरलाल एवं हेमराज पुत्र अमरलाल बंजारा ने घर के दरवाजे पर लट्ठ मारे। बाहर निकलने पर उसके साथ लट्ठो से मारपीट की। चिल्लाने पर उसके पति खेमचंद आया तो उसके साथ भी मारपीट की।

### आरोपी को दो दिन का पीसी

**छबड़ा** (निसं)। हरनावदाषाहजी पुलिस द्वारा 1 किलो 370 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किए आरोपी को एसीजेएम के समक्ष पेष किया, यहां से उसे दो दिन का पुलिस रिमांड दिया हैं। सीआई छुट्टनलाल मीणा ने बताया कि हरनावदाशाहजी थानेदार झण्डेलसिंह राठौड़ ने मय टीम के नाकाबंदी के दौरान साथ 1 किलो 370 ग्राम अफीम बरामद कर दीगोद जागीर निवासी सुरेश कुमार उर्फ बंटी पुत्र बालचंद जाति वैष्णव को गिरफ्तार किया था। जिसे एसीजेएम के समक्ष पेष किया, यहां से उसे उसे दो दिन का पुलिस रिमांड दिया हैं।

### विधायक ने जनसंपर्क किया

**छीपाबड़ोद** (निसं)। छीपाबड़ोद के ग्रामीण इलाकों में विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने जनसंपर्क कर जनसमस्या सुनी ओर मोके पर समस्याओं का निस्तारण किया।ईस दौरान फूलबडोदा, नयागांव, गुरूखेडी, घांघोनियां, मवासा, टांचा, टांची ओर भैंरूपुरा मे विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान दौरा किया।ईस समय प्रधान नरेश कुमार मीणा,सरपंच रामगोपाल धाकड,पूर्व सरपंच भगवान मीणा,मुरारीलाल यादव, ग्राम विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद गोत्तम, बाबूलाल मेहता,डायरेक्टर प्रतिनिधि ओमप्रकाश भील ,ललित खजूरिया समेत भाजपाई मौजूद रहे।

### सेन जयंती महोत्सव आज

**छबड़ा** (निसं)। सेन समाज के तत्वाधान में सेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महामंत्री जगदीश आमेरिया ने बताया की जयंती के अवसर पर गायत्री मंदिर से शोभायात्रा षुरू होगी, जो मुख्य बाजारों, छत्री चौराहा होती हुई सेन मंदिर पर पहुंचेगी। यहां महाआरती के बाद नीलकंठ महादेव मंदिर पर महाप्रसादी के रूप में संपन्न होगी। जिसमें छबडा, कवा , छीपाबड़ौद, अटरू सहित एमपी से भी समाज के लोग शामिल होंगे।

### पार्षद प्रतिनिधि ने महापंचायत में भाग लिया

**छबड़ा** (निसं)। जयपुर के अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में वाल्मिकी समाज की महापंचायत आयोजित हुई, जिसमें स्थानीय पार्शद प्रतिनिधि अजय तेजस्वी ने भाग लिया। यहां तेजस्वी ने कहा कि अब व्यापक स्तर पर गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी में जागरूक किया जाएं और वाल्मीकि समाज के लोगो को मजबूत किया जाएं।

# वल्लभाचार्य जयंती धूमधाम से मनाई

**बूंदी** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टीमार्ग वल्लभ संप्रदाय के संस्थापक गुरु श्रेष्ठ वल्लभाचार्य जी की जयंती के अवसर पर वल्लभ संप्रदाय की प्रथम पीठ श्री गोपाल लाल जी के मंदिर से प्रात: प्रभात फेरी निकाली गई ।इस मौके पर पुलिस कप्तान बूंदी जय यादव ने दर्शन कर गोपाल लाल जी एवं वल्लभाचार्य जी की आरती उतारी आयोजन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक व राधा मूंदड़ा ने बताया प्रभात फेरी का चारभुजा मंदिर पर पंडित मधुसूदन शर्मा राज मुखिया पंडित रघुनंदन शर्मा पंडित पूरण चतुर्वेदी ने वल्लभाचार्य जी की आरती उतारी इस मौके पर सभापति मधु नुवाल ने भी पूर्व प्रधान भगवान नुवाल के साथ पूजा अर्चना कर आरती उतारी आरतियां गाकर भगवान को रिझाया प्रभात फेरी में रास्ते भर महिला एवं पुरुष वल्लभाचार्य जी के जयकारे लगाते हुए भजन गाते हुए चल रहे थे प्रभात फेरी रघुवीर भवन स्थित श्री सौभाग्य बिहारी जी के मंदिर पहुंची जहां पर महाराव राजा वंश वर्धन सिंह एवं अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन व पीसीसी सदस्य सत्येस शर्मा ने वल्लभाचार्य एवं सौभाग्य बिहारी जी के दर्शन कर आरती उतार कर श्रीफल भेंट कर जय कारे लगाएं महिलाओं ने मंदिर परिसर में खूब नृत्य किया। इस मौके पर वैष्णव मंडल की महिला बीना विजय उमा तोतला कृष्णा मूंदड़ा मंजू झंवर गिरिराज सोनी मीनाक्षी बाहेती संस्कृति संस्था की अध्यक्ष शालिनी विजय रोटरी क्लब के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# छबड़ा में महिलाओं ने प्याऊ लगाई

**छबड़ा** (निसं)। वैशाख की आग उबलती दोपहरी, दिन तो क्या रात का तापमान भी जनमानस का जीना दूभर कर देता हैं। ऐसी भीषण गर्मी के चलते रोजमर्रा के कार्य के साथ ही शादी विवाह का दौर भी षुरू हो गया हैं। घर से बाहर निकलते समय पानी की नितांत आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति अपने काम-काज के चलते गांव से शहर की ओर जाते हैं और पानी की प्यास सभी को सताती है। ऐसे में यदि ठंडा और स्वच्छ जल पीने को मिल जाए तो काफी राहत मिलती हैं। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन की मातृ शक्ति ने अग्रवाल हॉस्पिटल के बाहर एक शीतल जल की प्याऊ लगाया। जिसमें सरिता सिंघवी का विषेश सहयोग रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव कल्पना बरड़िया, कॉर्डिनेटर मृदुला जैन, कौशल्या मंगल, मीना, लाड गुप्ता, अंजली विजय, कीर्ति बरडिया, सारिका जैन, रेखा सिंघवी, मंजू अग्रवाल, मनीला अग्रवाल, किरण अग्रवाल, मंजू बिंदल, सुरभि गुप्ता, रीतू गुप्ता, रेनू जिंदानी, किरण गोलेछा, रेखा अग्रवाल, उमा गर्ग, सरोज जैन आदि मौजूद थी।




अंतरराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन की मातृ शक्ति ने अग्रवाल हॉस्पिटल के बाहर एक शीतल जल की प्याऊ लगाया।

# 24 अप्रेल से लगने वाले शिविर से आमजन राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे : शर्मा

**बून्दी** (निसं)। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र बूंदी की ग्राम पंचायत दोलाड़ा व शिव शक्ति का खेडा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री हरीमोहन शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को बताया। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र में कृषि उपज मंडी स्थापित करने से क्षेत्र के विकास को गति के साथ आसपास के लोगों को रोजगार का माध्यम मिला है। पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे कि छात्र छात्राएं स्कॉलरशिप के माध्यम से विदेशों में जाकर अपनी आगामी पढ़ाई कर सकते हैं। साथ ही 24 तारीख से लगने वाले पंचायत स्तरीय कैंपों में जाकर आमजन अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। सभापति मधु नुवाल द्वारा बूंदी में करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकरण मीणा, तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा, रामगंज मंडल अध्यक्ष मनवीर सिंह, पंचायत अध्यक्ष राम सिंह चौधरी, यशवंत शर्मा, हरलाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



हरिमोहन शर्मा ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को संबोधित किया।

# सामर्थ्य सोसायटी का परिंदों के लिए परिंडा अभियान शुरू

**बूंदी** (निसं)। सामर्थ्य सोसायटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए "परिंदों के लिए परिंडा" अभियान की शुरुआत कर दी गई है। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि पक्षियों के लिए गर्मी में दाना, पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती हैं जिसके कारण कई पक्षी भूख और प्यास से मर जाते है।

इसलिए इस अभियान की शुरुआत हमने की है जहां मूक बेजुबान पक्षियों के लिए परिंदे लगाए गए। माहेश्वरी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

पर्यावरण सुरक्षित तो हमारा भविष्य सुरक्षित,बढ़ती आबादी के कारण वैसे सभी जगह आबोहवा बिगड़ रही हैं,लेकिन शहरों में यह स्थिति कहीं ज्यादा भयावह है।

इन आबोहवा के बावजूद लोग शहरों में रहने को विवश हैं । लेकिन परिंदों को यह मंजूर नहीं हैं। वह शहर छोड़ रहे हैं परिंदों के शहर छोड़ने के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड रहा है।

अभियान की संयोजक नम्रता शुक्ला ने बताया कि पक्षियों का जीवन हमारे लिए अति आवश्यक है साथ ही परिंदों के संरक्षण, भीषण गर्मी में पेयजल,दाना-पानी की व्यवस्था करना हम सभी का फर्ज है इस दौरान तारा सोमानी, रिंकू सोमानी, पवि माहेश्वरी आदि उपस्थिति रहे।

# जिला वक्फ बोर्ड का रोजा अफ्तार कार्यक्रम सम्पन्न



रोजा इफ्तार पार्टी में रोजेदारों ने रोजा खोला।

**बून्दी** (निसं)। जिला वक़्फ़ बोर्ड द्वारा रमजान के पवित्र माह में शनिवार को लुहारों के जमातखाने में रोजा अफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा ने रोजेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज के लिए यह सब से पाक महीना है और सभी रोजेदारों को राष्ट्र प्रेम के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संकल्प लेना होगा तभी सही मायने में रोजेदार होने का सबब मिल पाएगा।

देश की परिस्थितियां काफी विपरित है ऐसे विपरीत हालातों में हम सबको एकजुटता के साथ इन चुनौतियों का मुकाबला करना पड़ेगा चेयरमैन इकरामुद्दीन बबलू ने कहा कि रोजा रखना बहुत कठिन तपस्या है और जिस शिद्दत के साथ इस तपस्या को कर रहे हैं निश्चित रूप से परवरदिगार हम सबको सुख और समृद्धि देगा और देश में अमन चैन कायम होगा।कार्यक्रम में मौलाना मुफ्ती नदीम अख्तर सफाकी, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, अरबन बैंक चेयरमैन सत्येश शर्मा, नगर परिषद सभापति मधु नुवाल, मयूर ग्रुप के चेयरमैन असलम शेर खान, गांधी दर्शन समिति के राजकुमार माथुर, उपसभापति लटूर भाई, बीज निगम के डायरेक्टर चर्मेश शर्मा, कांग्रेस नेता संजय तम्बोली, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश सोनी, मिट्ठे महावली दरगाह के सदर अरबाज़ खान, कांग्रेस नेता दानिश खान, कोटा वक़्फ़ बोर्ड के वाईस चेयरमैन अफरोज खान, कांग्रेस नेता गयासुद्दीन भट्टी मौलाना गुलामे गोस सहित कई लोग शामिल हुए।

अथितियों का स्वागत वाईस चेयरमैन हारून खान, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष ज़फर बक्स, एडवोकेट वसीम खान, सैफ अली खान, आशिक काटावत ने फुल मालाओ से किया वही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे।

# रुचिका माहेश्वरी मिसेज बूंदी-2023 बनी

■ बून्दी की बहुओं के लिए जेसीआई ऊर्जा की पहल को सभी ने सराहा

**बून्दी** (निसं)। जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा बाईपास रोड स्थित रिसोर्ट में मिसेज बूंदी 2023 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बालीवुड थीम पर आयोजित इस कांटेस्ट में रुचिका माहेश्वरी को मिसेज बूंदी 2023 चुना गया। जेसीआई की जॉन प्रेसिडेंट नम्रता जोशी एवं पूर्व जॉन प्रेसिडेंट मेघना शेखावत के मुख्यातिथ्य में आयोजित मिसेज बूंदी 2023 कांटेस्ट की निर्णायक मिसेज इंडिया 2019 डॉ. प्रीति मीणा एवं नेशनल अवॉर्डी डॉ. पुष्पा आर्य रही। इस दौरान सुनंदा जैन, नेहा सिंह, कुलजीत कौर, पीनल कोठारी, निशा सालीवाल, शिवानी बातकी और रशीदा बोहरा मंचासीन रही।

अध्यक्ष श्वेता भंडारी ने बताया कि बून्दी की बहुओं के लिए आयेजित इस प्रतियोगिता में 28 प्रतियोगी ने भाग लिया जिनमें टीचर्स, डॉक्टर्स, लेक्चरर्स, बिजनेस वुमेन्स सहित गृहिणियां शामिल रही। इनके साथ इनके बच्चों ने भी आयोजन को एंजॉय किया। कार्यक्रम में 7 लकी ड्रा भी निकाले गऐ, वहीं आकर्षक गेम्स के विजेता दर्शकों को भी पुरस्कृत किया गया। नंदिनी विजय एवं ख्याति भंडारी द्वारा संचालित कार्यक्रम में सचिव मेघा नुवाल ने सभी का आभार जताया।

**अक्षिता गौड रही फर्स्ट रनर अप:-** जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा आयोजित मिसेज बून्दी कांटेस्ट में रुचिका माहेश्वरी को मिसेज बून्दी 2023 ताज पहनाया गया। वहीं फर्स्ट रनर अप अक्षिता गौड को मिसेज बूंदी दीवा 2023 तथा सेकंड रनर अप रही अक्षी नुवाल को मिसेज ग्लैमरस 2023 का अवार्ड दिया गया।

प्रवक्ता एकता जैन ने बताया कि कांटेस्ट के अन्य 9 श्रेणियों में सपना जादौन को रेडिएंट स्माइल, वर्षा शर्मा को बेस्ट परफॉर्मेंस, ज्योति जागेटिया को इनोवेटिव इंट्रोडक्शन, श्रेया माहेश्वरी को बेस्ट ड्रेस अप, स्वाति खत्री को मोस्ट क्यूटेस्ट, मीनम जाजू को आउटस्टैंडिंग परफॉर्मर, शिवानी जाजू को आउटस्टैंडिंग रैंप वॉक, नम्रता छाजेड़ को आउटस्टैंडिंग टैलेंट एवं जागृति जैन एवं यशस्वी कुमारी सिंह को मिसेज कॉन्फिडेंट अवार्ड दिए गए। साथ ही जेसीआई बूंदी ऊर्जा की डॉ. अंकिता अग्रवाल को मिसेज जेसीआई, नंदिनी विजय को स्टार ऑफ जेसीआई एवं अंशुल जैन को दीवा स्टार ऑफ जेसीआई से नवाजा गया।

मिसेज बून्दी 2023 कांटेस्ट को लेकर जिलें भर की महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया। कांटेस्ट को लेकर प्रतिभागी महिलाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा देखने को मिली, जहां परस्पर प्रतियोगी होने के बावजूद सभी एक दूसरी को सहयोग करती नजर आई। आयेजन से जुड़ी प्रिया जैन ने बताया कि कांटेस्ट की प्रतियोगियों मे शिक्षा, चिकित्सा, तकनीकी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की कामकाजी महिलाओं के साथ गृहणियां भी शामिल रही, जिनमें 22 वर्ष युवतियों के साथ बरून्धन की 52 वर्षीय वर्षा शर्मा भी पीछे नहीं रही। आत्मविश्वास से लबरेज महिलाओं ने कार्यक्रम में बॉलीवुड से जुडी कई ख्यातनाम एक्ट्रेस के किरदारों को रेंप पर जीवनत किया। जहां के.पाटन की कविता ने मधुबाला को प्रजेंट किया , वहीं स्वाति खत्री ने नागीन को। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा पदमावत की पद्मावती की भूमिका को जीवन्त किया गया।

ऐसे आयोजनों की आवश्यकता जताते हुए भावना जिन्दल ने कहा कि मिसेज बून्दी कार्यक्रम में महिलाओं के आत्मविश्वास और उत्साहवर्धन करेगा। कार्यक्रम को देखने पहुँची बालचन्द पाड़ा क्षेत्र की दीपा कुमावत ने बताया कि आयोजन सराहनीय रहा था। घर गृहस्थी की दौड़ धूप से इतर मनोरंजक दिन व्यतीत किया। वहीं ऐसे आयोजनों की आवश्यकता जताते हुए भावना जिन्दल ने कहा कि मिसेज बून्दी कार्यक्रम में महिलाओं के आत्मविश्वास और उत्साहवर्धन करेगा।

कविता शर्मा, प्रतिभागी, के.पाटन ने बताया कि हम भी कम नहींकार्यक्रम में एक दूसरी प्रतिभागी से बहुत कुछ सीखने को मिला, वहीं स्वयं का आत्मविश्वास भी मिला हैं कि हम भी कुछ कर सकती है। इसके लिए मेरे पति व बच्ची मेरी प्रेरणा बने।


वर्षा शर्मा, 54 वर्षीय प्रतिभागी ने बताया कि मुझे इस मंच पर लाने में मेरी बेटी ने प्रेरित किया है। यहां पर गृहिणियों के लिए एक उपयुक्त मंच की जरूरत थी, जहां वे अपनी प्रतिभा को प्रकट कर सकें। सभी को स्वयं भी प्रेरित होना चाहिए और अपने परिचितों के भी प्रेरित करना चाहिए।

ज्योति सैनी, अध्यापिका ने बताया कि मिसेज बून्दी में भाग लेकर पूर्ण आत्मविश्वास से अपनी प्रतिभा को दिखाना रोमांचकारी रि। लंबे समय बादमंच पर अपनी प्रतिभा दिखने का मौका मिला। आगे भी ऐसे मंच मिलने चाहिए।

डॉ.प्रीति मीणा, सहायक आचार्य एवं मिसेज इंडिया 201 ने बताया कि बून्दी की महिलाओं में टेलेंट की कमी नहीं हैं। मंच पर सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रकट किया है। ऐसे आयेजन महिलाओं को अपनी बात को अभिव्यकत करने और आत्मविष्वास को बढ़ाने में सहायक होते है।




प्रतियोगिता की विजेता को सम्मानित किया गया।



वह सभी आईपीएल में हमेशा एक सफल, दबदबा बनाने वाला बल्लेबाज रहा है। कप्तानी ऐसी चीज नहीं है जिसने उसे कभी परेशान किया हो। - जोंटी रोड्स

सुपर जाइंट्स के क्षेत्ररक्षण कोच, कप्तान लोकेश राहुल के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — नीरज चोपड़ा



**तोक्यो** ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 तक अपनी फिटनेस बनाये रखने के साथ इस साल अगस्त में होने वाले विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखा है। नीरज इसके साथ ही अपने भाले से 90 मीटर की दूरी की जादुई आंकड़े को छूना चाहते हैं। तुर्किये में अभ्यास कर रहे नीरज ने मीडिया से ऑनलाइन बातचीत में कहा, "मेरे लिये यह सत्र काफी लंबा होगा। एशियाई खेल अक्टूबर में होने जा रहे हैं। मैं चोटिल होने से बचने की कोशिश करूंगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपनी टेस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाए।

## मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में भिड़ेंगे रूने- रुबलेव

मोंटे कार्लो, 16 अप्रैल। डेनमार्क के युवा प्रतिभावान खिलाड़ी होल्गर रूने ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले इटली के जैनिक सिनर को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। रूने ने शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 1-6, 7-5, 7-5 की जीत दर्ज की। फाइनल में रूने का सामना पांचवीं सीड आंद्रे रुबलेव से होगा, जो सेमीफाइल में टेलर फ्रिट्ज़ को 5-7, 6-1, 6-3 से हराकर आ रहे हैं। पहले सेट में बुरी तरह हारने के बाद रूने दूसरे सेट में 3-0 से आगे चल रहे थे लेकिन खराब मौसम के कारण दोनों खिलाड़ियों को बाहर जाना पड़ा। कोर्ट पर लौटने के बाद रूने अपनी लय बरकरार नहीं रख सके, लेकिन उन्होंने सिनर पर दबान बनाना जारी रखा और 12वें गेम में सेट अपने नाम कर लिया। तीसरे सेट में रुने और सिनर के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन विश्व नंबर नौ रूने ने अपने पहले मैच पॉइंट को जीत में बदलकर दूसरे मास्टर्स फाइनल में जगह बना ली। रूने ने जीत के बाद कहा, "यह अविश्वसनीय था। जैनिक ने तेज शॉट खेलते हुए कई पॉइंट अर्जित किये। वह पिछले कुछ महीनों से अच्छी फॉर्म में है। मुझे कड़ी मेहनत करके हल निकालना पड़ा, जो मैंने सफलतापूर्वक किया। इस तरह खेलना मज़ेदार था।"

## कप्तान पांड्या हमेशा आगे की सोचते है : कैफ

अहमदाबाद, 16 अप्रैल। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या बीते हुए कल को लेकर ज्यादा विचार नहीं करते, जो उनकी टीम को सकारात्मकता प्रदान करता है। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, "हार्दिक पांड्या ऐसे कप्तान हैं जो हमेशा आगे का सोचते हैं, वह बीती बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। वे मैच हार गये और इससे बाहर भी आ गये। अब वे एक नये मैच के लिये तैयार हैं। यह टीम काफी सकारात्मक है। यह टीम अपने अच्छे प्रदर्शन को बनाये रखना चाहती है क्योंकि जब आप खिताब का बचाव करने के लिये खेल रहे होते हैं, तो आपको अच्छे प्रदर्शन की आवश्यकता होती है। कैफ ने जहां गत चैंपियन गुजरात के कप्तान की तारीफ की, वहीं यूसुफ पठान ने गत उपविजेता राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह रॉयल्स का शानदार तरीके से नेतृत्व कर रहे हैं। यूसुफ ने कहा, "आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स एक बहुत मजबूत टीम दिख रही है। यह टीम इस सीजन में भी बेहतरीन क्रिकेट खेल रही है। उनकी बल्लेबाजी काफी मजबूत नजर आ रही है।

# किशन, सूर्यकुमार ने दिलाई मुंबई को जीत



मुंबई, 16 अप्रैल। खराब फॉर्म से गुज़र रहे ईशान किशन (25 गेंद, 58 रन) और सूर्यकुमार यादव (25 गेंद, 43 रन) की आतिशी पारियों से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) को पांच विकेट से मात दी।

केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर (51 गेंद, 104 रन) के विस्फोटक शतक की बदौलत 20 ओवर में 185 रन बनाये, हालांकि अन्य बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उनका यह सैकड़ा काम न आया और मुंबई ने 17.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज किशन ने 25 गेंद पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 58 रन बनाये, जबकि रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 43 रन की पारी खेली। मुंबई इस समय अंक तालिका में दो जीत और दो हार के साथ आठवें स्थान पर है, जबकि केकेआर पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ पांचवें पायदान पर है।

मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन को शून्य रन पर आउट कर दिया, लेकिन अय्यर पहली ही गेंद से आक्रामक नज़र आये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (12 गेंद, आठ रन) और कप्तान नीतीश राणा (10 गेंद, पांच रन) दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके, लेकिन अय्यर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए केकेआर को पावरप्ले में 57 रन तक पहुंचाया। लगातार गिरते विकेटों के बीच केकेआर को साझेदारी की जरूरत थी जो शार्दुल ठाकुर और अय्यर के बीच देखने को मिली। अय्यर ने 23वीं गेंद पर चौका जड़कर अपना अर्द्धशतक पूरा किया और इसके बाद ठाकुर के साथ चौथे विकेट के लिये 50 रन जोड़े। ठाकुर ने पवेलियन लौटने से पहले 11 गेंद पर 13 रन बनाये।

केकेआर 14 ओवर में 135/4 का स्कोर खड़ा करके 200 रन की ओर अग्रसर थी लेकिन मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी की। ऋतिक शौकीन के 15वें ओवर में मात्र पांच रन बने, जबकि पीयूष चावला ने 16वें ओवर में छह रन दिये। जैनसेन के 17वें ओवर में नौ रन बने लेकिन राइली मेरेडिथ ने 18वें ओवर में महज़ पांच रन देकर अय्यर का बड़ा विकेट चटका लिया। अय्यर ने 51 गेंद पर छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। इसी के साथ वह ब्रेंडन मैकुलम (2008) के बाद केकेआर के लिये शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गये। रिंकु सिंह आउट होने से पहले 18 गेंद पर 18 रन ही बना सके, जिसके बाद आंद्रे रसेल (11 गेंद, नाबाद 21 रन) ने केकेआर को 20 ओवर में 185/6 के स्कोर तक पहुंचाया।

मुंबई के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरे किशन और इम्पैक्ट प्लेयर रोहित शर्मा ने गेंद को मैदान के चारों कोनों में मारते हुए पावरप्ले का भरपूर लाभ उठाया। किशन ने दूसरे ओवर में ठाकुर को दो चौके और एक छक्का मारते हुए 16 रन बटोरे, जबकि अगले ओवर की पहली गेंद पर रोहित ने उमेश को एक छक्का जड़ा। कप्तान नीतीश ने मुंबई की पारी को रोकने की कोशिश में चौथा ओवर सुनील नरेन को दिया लेकिन किशन ने उनके खिलाफ दो छक्के और दो चौके जड़कर टीम का पचासा पूरा किया।

मुंबई ने इस तरह रोहित (13 गेंद, 20 रन) का विकेट गंवाने के बावजूद पावरप्ले में 72 रन जोड़ लिये। अपना अर्द्धशतक पूरा करने के बाद किशन भी पवेलियन लौट गये, लेकिन सूर्यकुमार ने तिलक वर्मा के साथ 60 रन की साझेदारी करके मैच को मुंबई की झोली में डाल दिया। अपनी फॉर्म तलाश रहे सूर्यकुमार ने इस मैच में कई अच्छे शॉट खेलकर लय में लौटने का अंदेशा दिया। उन्होंने 11वें ओवर में लोकी फर्ग्यूसन को थर्ड मैन के ऊपर और मिड-विकेट की ओर दो छक्के लगाये। मुंबई की आक्रामक बल्लेबाजी के बीच सुयश शर्मा केकेआर के एकमात्र किफायती गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में मात्र 27 रन देकर रोहित और तिलक वर्मा को आउट किया। तिलक ने 25 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 30 रन बनाये, जबकि उनके बाद बल्लेबाजी करने उतरे टिम डेविड ने 13 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाकर नाबाद 24 रन बनाये।

सूर्यकुमार यादव अपना अर्द्धशतक पूरा करने से सात रन पहले आउट हो गये। नेहाल वढेरा भी चार गेंद पर छह रन बनाकर पवेलियन लौट गये, जिसके बाद डेविड ने 18वें ओवर में एक रन लेकर मुंबई को जीत दिलाई।

# सैमसन-हेटमायर ने रॉयल्स को दिलाई रोमांचक जीत



अहमदाबाद, 16 अप्रैल। कप्तान संजू सैमसन (32 गेंद, 60 रन) और शिमरन हेटमायर (26 गेंद, नाबाद 56 रन) के आतिशी अद्धर्शतकों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचकारी मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी रॉयल्स के सामने 178 रन का लक्ष्य रखा, जिसे रॉयल्स ने चार गेंद रहते हुए हासिल कर लिया।

कप्तान सैमसन ने 32 गेंद पर तीन चौके और छह छक्के लगाकर 61 रन बनाये, हालांकि उनके आउट होने के बाद भी रॉयल्स को पांच ओवर में 64 रन की दरकार थी। हेटमायर ने यहां से 26 गेंद पर 56 रन की पारी खेलकर गलाकाट प्रतियोगिता में रॉयल्स की जीत सुनिश्चित की। इस सांस रोक देने वाले मुकाबले के अंतिम दो ओवरों में रॉयल्स को 23 रन की ज़रूरत थी।

मोहम्मद शमी ने 19वें ओवर में 16 रन दिये, लेकिन ध्रुव जुरेल और रविचंद्रन अश्विन के महत्वपूर्ण विकेट भी निकाले। रॉयल्स को आखिरी ओवर में सात रन की जरूरत थी और हार्दिक पांड्या ने हेटमायर को रोकने के लिये गेंद नवागंतुक स्पिनर नूर अहमद को दी। हेटमायर को हालांकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी छक्का जड़ दिया।

रॉयल्स पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है, जबकि गुजरात तीन जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर है।

राजस्थान को 178 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिये मज़बूत शुरुआत की ज़रूरत थी लेकिन उसके दोनों सलामी बल्लेबाज़ चार रन के अंदर आउट हो गये। यशस्वी जायसवाल एक रन बनाकर हार्दिक पांड्या का शिकार हो गये, जबकि मोहम्मद शमी ने जॉस बटलर को शून्य रन पर आउट कर दिया।

रॉयल्स पावरप्ले में 26 रन ही बना सकी, जिसके बाद सैमसन और देवदत्त पडिक्कल ने बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिये जोखिम उठाना शुरू किया। सैमसन ने सातवें ओवर में अल्ज़ारी जोसेफ़ को छक्का जड़ा, जबकि पडिक्कल ने चौका लगाकर उनका साथ निभाया।

पडिक्कल (25 गेंद, 26 रन) और रियान पराग (सात गेंद, पांच रन) के विकेट गिरने पर भी सैमसन का प्रहार जारी रहा। उन्होंने 13वें ओवर में राशिद खान को तीन छक्के जड़कर रॉयल्स की जीत की उम्मीदों को बरकरार रखा।

राजधानी

# 'सरकार ने हमारी मांगें नहीं मांगी तो पूरा समाज पटरी और सड़कों पर नजर आएगा'

## अहीर समाज की महासभा में गहलोत सरकार को दी चेतावनी

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर के वीटी ग्राउंड मानसरोवर में आज अहीर महासभा का जन जागृति सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में अहीर जन जागृति सम्मेलन के संयोजक इंद्र यादव ने कहा वीर अहीर रेजिमेंट हमारा हक है। यदि सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तो पूरा समाज पटरी और सड़कों पर नजर आएगा। सरकार हमें गुर्जर और मीणा समाज से कम ना समझे। यादव कौम की मांग बिल्कुल जायज है।

सम्मलेन में भाग लेने के लिए देशभर के नेता सहित समाज के लोग एकजुट हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि अहीर समाज काफी समय से अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग करता आ रहा है। अहीर समाज के देश प्रदेश के नेता और प्रबुद्धजन समाज को एक जगह लाकर विचार-विमर्श कर सरकार के सामने अपनी बात रखेंगे।

राजस्थान में जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। वैसे ही हर समाज अपने उचित प्रतिनिधित्व एवं ताकत दिखाने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन करते आ रहे है। हाल ही में ब्राह्मण समाज द्वारा ब्राह्मण महासभा, राजपूत एवं सवर्ण समाज द्वारा केसरिया महापंचायत एवं एससीएसटी महापंचायत के माध्यम से अपने समाज की मांगों को राजनितिक पार्टियों के समक्ष रख रहे है। ऐसे में आज अहीर समाज द्वारा अहीर जन जागृति सम्म्मेलन किया गया।



जयपुर के वीटी ग्राउंड मानसरोवर में आज अहीर महासभा का जन जागृति सम्मेलन आयोजित किया गया।

## नाथ समाज ने गुरू गोरखनाथ बोर्ड बनाने की मांग की

■ मांग पूरी नहीं करने पर नाथ समाज ने वोट की चोट के माध्यम से करारा जवाब देने की चेतावनी दी

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को आयोजित नाथ समाज के महासंगम में नेताओं ने गुरू गोरखनाथ बोर्ड बनाने की मांग की।

नाथ समाज के महासंगम में बड़ी संख्या में राजस्थान सहित देशभर से नाथ समाज के लोग पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर राजस्थान सरकार ने समय रहते हमारी मांगों को पूरा नहीं किया। तो आने वाले चुनाव में प्रदेशभर में नाथ समाज कांग्रेस को वोट की चोट के माध्यम से इसका करारा जवाब देगा।

इस दौरान अलवर से नाथ सम्प्रदाय के सन्त और बीजेपी से सांसद बालक नाथ, जयपुर से जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सलाहकार बाबूलाल नागर, प्रख्यात भजन गायक सन्त प्रकाश दास के साथ ही बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के प्रबुद्धजन और राजनीतिक पार्टियों के बड़े नेता महासंगम में शामिल हुए।

राजस्थान नाथ समाज द्वारा आयोजित महासंगम में राजस्थान के साथ ही मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, असम कलकत्ता से बड़ी संख्या में नाथ समाज अनुयायी हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान नाथ योगी समाज के सन्त महंतों ने महासंगम में आए समाज के लोगों को आशीर्वाद दिया।

# प्रदेश में रविवार को 422 नए करोना संक्रमित मिले

## जयपुर में 104, जोधपुर में 65 व भरतपुर में 52 नए मरीज सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

■ राज्य में करोना से पिछले चौबीस घंटों में तीन संक्रमितों की मौत हुई

**जयपुर**। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। रविवार को राज्य में 422 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच तीन लोगों की मौत भी हुई है। प्रदेश में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 23 सौ के ऊपर पहुंच गए है।

प्रदेश में रविवार को 24 जिलों में 422 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को इनकी संख्या 419 रही थी। इधर आज राज्य में फिर सर्वाधिक 104 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 65, भरतपुर में 52, नागौर में 43, उदयपुर में 32, बीकानेर में 29, सीकर में 25, झालावाड़ में 13, चित्तौड़गढ़ में 10, सवाई माधोपुर में 7, बांसवाड़ा में 6, भीलवाड़ा चूरू, दौसा, जैसलमेर व बूंदी में 4-4, अलवर व सिरोही में 3-3, अजमेर, कोटा, प्रतापगढ़ व बारां में 2-2 और धौलपुर तथा टोंक में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच प्रदेश में 9755 कोविड जांच की गई।

प्रदेश में रविवार को भी नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम रही। इस दौरान 137 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं एक्टिव केस बढ़कर 2340 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 686 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है। प्रदेश में आज बीकानेर, नागौर और पाली में करोना से 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। अप्रेल में 16 दिन में ही करोना संक्रमण से 22 लोगों ने दम तोड़ दिया है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9683 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## 'अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के अंदर बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं चल रही है और राजस्थान की सरकार द्वारा अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। दिन के समय बिजली कटौती करे तो काम चल जाता है लेकिन रात के समय बिजली कटौती करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है। दूसरा आमजन भी इससे परेशानी भोगने का काम कर रहा है। दिन के समय 40-42 डिग्री टेंपरेचर के अंदर बिजली कटौती करना आमजन के लिए परेशानी का कारण है। आवश्यकता इस बात की है सरकार यह कह रही है कि उत्पादन अधिक होने की वजह से बिजली हमारे पास सरप्लस है, इसके बावजूद वो बिजली कहाँ जा रही है?आवश्यकता इस बात की है कि बड़ी बड़ी घोषणा करने के बजाय आमजन की छोटी छोटी बातों पर भी सरकार ध्यान दें।

# 'डिजिटल इंडिया मिशन से आमजन को जोड़ने का हो साझा प्रयास'

**जयपुर**, (का.सं.)। इक्कीसवीं सदी के भारत को आईटी एवं डिजिटल रूप से विकसित करने की परिकल्पना प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बहुत पहले कर ली थी। आज वह सपना साकार हो रहा है। सोशल मीडिया, नेटवर्किंग एवं अन्य डिजिटल तकनीक से गरीब एवं आमजन को कैसे लाभ हो इसका साझा प्रयास करने का समय आ गया है।

पिंकसिटी प्रेस क्लब में रविवार को मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी फ़ारूक़ आफरीदी ने आव्हान जनकल्याण एवं सेवा समिति और ईआईआईएम के संयुक्त तत्वावधान में आव्हान उद्यमिता विकास तंत्र (आई-ईडीएन) कार्यक्रम के शुभारंभ पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सेवा के उद्देश्य से आरंभ किये जा रहे इस कार्यक्रम से लोग डिजिटल तकनीक से जुड़कर लघु उद्योग,व्यापार एवं अन्य क्षेत्रों में नवाचार के माध्यम से प्रगति पथ पर अग्रसर हो सकेंगे।

आव्हान संरक्षक एवं आल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव रमेश ओझा ने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए महात्मा गांधी की तरह आमजन की सेवा का संकल्प लेने का आव्हान युवा पीढ़ी से किया।

आई-ईडीएन कार्यक्रम के अध्यक्ष फ़िरोज़ खान ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा प्रयास रहेगा कि कुछ गांव, कच्ची बस्तियों को चिन्हित कर उन्हें नव तकनीक से जोड़ा जाए।

# एक जयपुर के लिए कैंडल मार्च निकालेंगे

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विधानसभा में जयपुर शहर के दो हिस्से कर दो नये जिले बनाने की घोषणा के बाद जयपुर को एक ही बने रहने देने के समर्थन में चलायी गयी मुहिम म्हारो जयपुर प्यारो जयपुर से जुडे सभी प्रबुद्धजन मिलकर स्टैच्यू सर्किल पर जयपुर की जनता को साथ लेकर कैंडल मार्च निकालेंगे।

इस अभियान से जुडे सभी प्रबुद्धजन अभी तक जयपुर के लगभग सभी जन प्रतिनिधियों से जयपुर को एक ही रखे रहने के लिए ज्ञापन देकर सरकार से इस विषय पर पुर्नविचार करने के लिए आग्रह कर चुके हैं। सभी जन प्रतिनिधि इस बात से सहमत भी है कि जयपुर के दोनों निगमों के 250 वार्डों की सीमाओं को सम्मिलित कर जयपुर के नाम से सिर्फ एक जिला रहना चाहिए। जयपुर को जयपुर उत्तर या जयपुर दक्षिण में नहीं बांटा जाना चाहिए। दोनों नगर निगम की सीमा से बाहर बचे हुए जयपुर को सरकार चाहे जितने जिले बना देवें और जयपुर के अलावा कोई भी नाम इन जिलों का रखे।

# राजे ने चाँदपोल हनुमान मंदिर में जलाए 80 न्याय दीप

**जयपुर**। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने चाँदपोल हनुमानजी के मंदिर में रविवार को अल सुबह आस्था के 80 न्याय दीप जलाये और हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने हनुमान जी से प्रार्थना की कि 13 मई 2008 को आपके ही चांदपोल हनुमान मंदिर के साथ-साथ कई स्थानों पर सीरियल ब्लास्ट कर 80 बेक़सूर लोगों की निर्मम हत्या करने वाले आतंकियों को फाँसी की सजा मिले। पूजा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री पीड़ित परिवारों से मिली और उन्हें भरोसा दिलाया कि बालाजी उनको न्याय दिलवाएँगे।

लोगों ने कहा कि वसुन्धरा आपकी भाजपा सरकार ने तो उन आतंकियों को पकड़ कर जेल में डाला और निचली अदालत से उन्हें फाँसी की सजा हुई। आपकी इस कार्यवाही की तारीफ़ भरतपुर दौरे के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी की।



चंदवाजी में राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

# वन टू वन संवाद से पहले ही डोटासरा ने चेतावनी दी सरकार को

- **कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला से कहा कि इन थर्ड ग्रेड टीचर्स की समस्या का समाधान नई भर्ती से पहले कीजिए, अगर इनके तबादले नहीं किए तो 13 जिलों में एक भी नहीं आएगा। आपके और मेरे कपड़े फाड़ेंगे।**
- **डोटासरा ने कहा, मैं दूसरों की तरह बाजार में सड़क पर खड़ा होकर कांग्रेस की बुराई नहीं करता। मेरे खून और संस्कारों में यह बात नहीं है, यह मैं कभी नहीं कर सकता।**

जयपुर, 16 अप्रेल (का.प्र.)। एक ओर तो कांग्रेस राजस्थान में सरकार रिपीट करने की बात कर रही है, दूसरी ओर जयपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नए विवादों को जन्म दिया है।

पुलिस अकादमी स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गहलोत ने जहां फिर से राजस्थान में हॉर्स ट्रेडिंग को लेकर इशारों-इशारों में तंज कसके वन टू वन संवाद से पहले अप्रत्यक्ष रूप से सचिन पायलट खेमे पर निशाना साधा, तो दूसरी और डोटासरा ने राजस्थान कॉलेज के सत्कार कार्यक्रम में थर्ड ग्रेड शिक्षक तबादला नीति नहीं बनाए जाने पर 13 जिलों में कांग्रेस का एक भी एमएलए नहीं जीतने की बात कह दी।

डोटासरा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला से कहा कि आप दोनों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि इन ग्रेड थर्ड टीचर्स की समस्या का समाधान भी कर दीजिए। यह काम नई भर्ती से पहले कीजिए, अगर इनके तबादले नहीं किए तो 13 जिलों में एक भी नहीं आएगा। आपके और मेरे कपड़े फाड़ेंगे।

डोटासरा ने रविवार को राजस्थान कॉलेज में राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ के सत्कार कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा में कहा कि मुख्यमंत्रीजी, शिक्षा मंत्रीजी थां दोन्या हूं ही निवेदन है... आं थर्ड ग्रेड आला को भी कांटों काढ़ो बिचारां को....आ नई भर्ती ल्यावो न बी सां पहली पहली जचा दीज्यो, नहीं तो एक ही कोनी आवलो 13 जिलां मं तो, थारा म्हारा कपड़ा फाड़ला।

डोटासरा ने कहा कि दो चार दिन में बैठक कर इस काम के बारे में समझ लीजिए, कैसे करना है। अफसरों को बुला लीजिए, कैसे करना है, यह तय कर लीजिए।

अफसर फिर भी नहीं समझते हैं, तो मुख्यमंत्री से हटवा दीजिए। ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले तो हमें नई भर्ती से पहले करने चाहिए।

डोटासरा ने कहा कि मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुख्यमंत्री कहते हैं कि संगठन सर्वोपरि है। कांग्रेस प्रस्ताव पारित कर भिजवाए, ये पूरा करते हैं।

मुख्यमंत्री ने इसे साबित भी किया है। दो बार हमने प्रदेश कांग्रेस कमेटी से बजट को लेकर प्रस्ताव भिजवाए, मुख्यमंत्री ने उन्हें लागू किया है। डोटासरा ने मुख्यमंत्री से मुखातिब होते हुए कहा कि मैं तो आपको आत्मा से धन्यवाद देता हूं। मैं कभी नकली बात नहीं करता। मेरे तकलीफ हो, कह भी देता हूं कि मुख्यमंत्री जी यह तकलीफ है, लेकिन मैं सीमा में रहकर और नाप तोल कर सुरक्षित स्थान पर अपनी बात कहता हूं। दूसरों की तरह बाजार में सड़क पर खड़ा होकर कांग्रेस की बुराई नहीं करता। मेरे खून और संस्कारों में यह बात नहीं है। यह मैं कभी नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि यह अधर झूल में रखने वाला काम मेरे से नहीं होता। आपने तय कर रखा है कि आगे भी कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। इसलिए चिंता की जरूरत नहीं है, कुछ मांगें रह जाएगी तो आगे पूरी कर दी जाएगी। शिक्षकों के बीच पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि आप मांग करते हो, हमें भी अच्छा लगता है, लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर आप लोहे की छड़ गर्म करके जानवर को दागते हैं, उस तरह का बर्ताव कर जाते हो, वह मत कर देना। डोटासरा ने कहा कि सब काम तो मुख्यमंत्री के मन के भी नहीं होते हैं।

सरदारपुरा में तो सब काम हो गए क्या? खूब बजट गया, लेकिन अब भी मैं जाता हूं तो लोग मेरे कपड़े फाड़ते हैं।

कोई सड़क मांगता है, कोई कुछ मांगता है। काम तो होने ही चाहिए और मांग भी होनी चाहिए। जिस दिन नेता से उम्मीद खत्म हो जाएगी, उस दिन सब कुछ शून्य हो जाएगा।

## चेन्नई में एयरपोर्ट से 1.83 करोड़ रु. का सोना जब्त

चेन्नई, 16 अप्रैल (वार्ता)। सीमा शुल्क हवाई खुफिया इकाई (ए.आई.यू.) के अधिकारियों ने रविवार को तमिलनाडु में अबू धाबी से अन्ना अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे चार यात्रियों से 1.83 करोड़ रुपये मूल्य का 3.422 किलोग्राम सोना और 25.2 लाख रुपये मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक सामान और सिगरेट जब्त किया। हवाई अड्डे के सूत्रों ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर ए.आई.यू. के अधिकारियों ने अबू धाबी से आए चार पुरुष यात्रियों को रोका। यात्रियों की निजी तलाशी लेने पर प्रत्येक यात्री के अंतर्वस्त्र में छिपाकर रखी गई एक सोने की चेन मिली। इसके अलावा, रबर के पेस्ट के रूप में सोने के कुल दस बंडल उनके शरीर में छिपे हुए पाए गए।

# राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चंदवाजी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजेन्द्र राठौड़ का स्वागत-अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं**

जयपुर, 16 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आमेर के चंदवाजी में रक्तदान शिविर का पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता शायर सिंह एवं श्रवण सिंह द्वारा आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजेन्द्र राठौड़ का स्वागत-अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

डॉ. पूनियां ने कहा कि, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने आमेर के चंदवाजी में अपना जन्मदिवस मानव सेवा सप्ताह के रूप में मनाकर जन सेवा का यथेष्ठ कार्य किया है, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है।

प्रदेशभर में मानव सेवा के रूप में जन्म दिवस मनाने का यह अनूठा प्रयास है, जिससे समाज और प्रदेश में सकारात्मक संदेश पहुंच रहा है।

## सराफ ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सी.सी.टी.वी. कैमरे लग जाने से कॉलोनी वासी चैन की नींद सो सकेंगे। स्थानीय लोगों ने एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला, साफा एवं दुपट्टा पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्म कुमार सैनी, हिमांशु जैन,लक्ष्मण नूनीवाल, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, जितेंद्र अजमेरा, मंडल महामंत्री दीनदयाल सैनी, मनोज पींगोलिया, राज कुलदीप सिंह, वार्ड अध्यक्ष जीएल जोपट, गौरव तिवाड़ी, अनूप अग्रवाल, अमरावती शर्मा, उषा पारीक, रेखा तिवाड़ी, वंदना मथुरिया, बीना शर्मा, ज्योति यादव, बरखा जोपट, झब्बूराम, निखिल रेसवाल, प्रेम बड़ेतिया, सुभाष अग्रवाल, मनमोहन सोनी, तरुण गौड, नंदलाल शर्मा, मनोहर प्रजापत, अखिलेश सिंह, जीतू राव एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## रणथम्भौर में लैपर्ड शावक की मौत

- **मृतक शावक की उम्र करीब 6 माह है तथा वह एक फीमेल शावक है।**

सवाई माधोपुर, 16 अप्रैल (निरस)। रविवार को रणथम्भौर के झूमर बावड़ी वन क्षेत्र में एक लैपर्ड शव का शव मिला है। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शावक के शव को कब्जे में कर राजबाग नाका लाया गया, जहां गाइडलाइन के अनुसार पशु चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड ने लैपर्ड शावक के शव का पोस्टमार्टम किया और पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

एसीएफ मानस सिंह ने बताया कि राजबाग नाके पर तैनात वनपाल महेंद्र सिंह वनकर्मियों के साथ जंगल मे गस्त कर रहे थे, इसी दौरान झूमर बावड़ी वन क्षेत्र में एक लैपर्ड शावक का शव पड़ा हुवा मिला, जिसकी सूचना उनके द्वारा वनाधिकारियों को दी गई। मृतक शावक की उम्र करीब 6 माह है और वो एक फीमेल शावक है।

रणथंभौर के वैटरनरी ऑफिसर डॉक्टर सीपी मीणा के मुताबिक लैपर्ड शव की मौत संभवतया किसी बाघ या लैपर्ड के हमले से हुई है। फिलहाल वन विभाग के अधिकारियों द्वारा भी शावक की मौत का कारण टेरोटिरियल फाइट मानी जा रही है । वन विभाग द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शावक के शव का राजबाग नाके पर ही अंतिम संस्कार कर दिया ।

## रींगस से खाटू श्याम जी तक रेल लाइन बिछेगी

- **रेल मंत्रालय ने रींगस से खाटू श्याम जी तक सीधी 16 किलोमीटर की रेल लाइन बिछाने की फाइनल मंजूरी दे दी है।**

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता)। रेल मंत्रालय ने राजस्थान में सीकर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम जी तीर्थ स्थल तक सीधी रेल लाइन बिछाने के लिए अंतिम स्थल सर्वेक्षण करने की मंजूरी दे दी है।

रेलवे बोर्ड के सूत्रों के अनुसार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की राजस्थान के सीकर जिले में स्थित तीर्थ स्थल खाटू तक रेलवे लाइन बिछाने की घोषणा के बाद में रेल मंत्रालय ने अंतिम बिन्दु सर्वेक्षण को स्वीकृति दे दी है।

हजारों लाखों श्रद्धालु विभिन्न परिवहन माध्यमों से रोजाना खाटू श्याम जी के दर्शन करने आते हैं। एक सर्वेक्षण के मुताबिक प्रतिदिन लगभग 30 हज़ार भक्त आते हैं और चार से पांच लाख भक्त शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को आते हैं। एकादशी के अवसर पर 10 लाख श्रद्धालु आते हैं, जबकि मार्च के 15 दिवसीय मेले के दौरान 30 से 40 लाख श्रद्धालु आते हैं। खाटू श्याम जी मंदिर तीर्थयात्रियों और भक्तों द्वारा सबसे अधिक दर्शन किये जाने वाले भारतीय मंदिरों में से एक है।

ट्रेन से आने वाले भक्त पहले रींगस पहुंचते हैं और उसके बाद स्थानीय परिवहन माध्यमों से खाटू श्याम जी पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत और विकास मिशन तथा सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था के केंद्रों को रेल लिंक से जोड़ने की नीति के तहत भारतीय रेलवे रींगस से खाटू श्याम जी तक करीब 20 किलोमीटर तक रेलवे लाइन बिछाने जा रही है।

सूत्रों के अनुसार सर्वेक्षण पूरा होने के बाद इस नई रेल लाइन पर शीघ्र काम शुरू किया जाएगा।

# ‘अपराधी को सजा देने का अधिकार सिर्फ न्यायपालिका को है’

**प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने अतीक अहमद के एनकाउन्टर पर कड़े सवाल खड़े किये**

- **प्रियंका वाड्रा ने कहा कि गोली-तंत्र और भीड़ तंत्र की वकालत करने वाले केवल संविधान को ध्वस्त करते हैं।**

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता)। उत्तर प्रदेश की प्रयागराज में गैंगस्टर अतीक अहमद हत्याकांड से गरमाई सियासत के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मुजरिम को सख्त सजा देने का काम सिर्फ अदालत का है और यदि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता है तो इससे अराजकता का माहौल पैदा होगा।

खड़गे ने रविवार को यहां जारी बयान में कहा, जो आज़ादी के लिए लड़े थे। हमारे इसी संविधान और क़ानून को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इससे खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती है। अपराधी की सजा का फ़ैसले का अधिकार न्यायपालिका का है। ये अधिकार किसी सरकार, किसी नेता या क़ानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को नहीं दिया जा सकता है। गोली-तंत्र और भीड़ तंत्र की वकालत करने वाले केवल संविधान को ध्वस्त करते हैं।

खडगे ने कहा, समाज में किसी को डराने व धमकाने के लिए जो भी हमारी न्याय प्रणाली में राजनैतिक उद्देश्य से दखल अंदाज़ी करता है,अपराधी के साथ वो भी दंड का भागीदार है। किसी भी मुजरिम को सख़्त से सख़्त सजा मिले, इसके लिए अदालतें हैं। क़ानून व्यवस्था से खिलवाड़ करना केवल अराजकता को जन्म देता है।

इससे पहले वाड्रा ने कहा, हमारे देश का क़ानून संविधान में लिखा गया है, यह क़ानून सर्वोपरि है और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, मगर देश के क़ानून के तहत होनी चाहिए। किसी भी सियासी मक़सद से क़ानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। जो भी ऐसा करता है, या ऐसे करने वालों को सरंक्षण देता है, उसे भी ज़िम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उस पर भी सख़्ती से क़ानून लागू होना चाहिए।

उन्होंने कहा, देश में न्याय व्यवस्था और कानून के राज का इकबाल बुलंद हो, यही हम सबकी कोशिश होनी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी इसी तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, किसी भी राजनीतिक उद्देश्य के लिए कानून और न्यायिक प्रक्रिया के शासन को तोड़ना या उसका उल्लंघन करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। जो ऐसा करता है या ऐसा करने वालों को संरक्षण देता है, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन पर कानून को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि न्यायिक प्रणाली और कानून के शासन का हर समय अक्षरश: सम्मान हो।

## प्र.मंत्री की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संस्थान की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती है जिसने जनता के बीच अपना नाम बनाया है।

शिकायतकर्ता के वकील अमित नायर ने कहा कि गुजरात विश्वविद्यालय की स्थापना 70 से अधिक साल पहले हुई। नायर ने कहा कि लोगों के बीच इसकी प्रतिष्ठा है और आरोपियों की बयानबाजी से विश्वविद्यालय के बारे में अविश्वास पैदा होगा।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बयान विश्वविद्यालय के लिए अपमानजनक हैं क्योंकि ये व्यंग्यात्मक थे और इनका उद्देश्य विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को जानबूझकर नुकसान पहुंचाना है।

इन्हें इसी इरादे से मीडिया तथा ट्विटर हैंडल पर साझा किया गया। शिकायकर्ता ने केजरीवाल के हवाले से टिप्पणियों का संदर्भ देते हुए कहा, “अगर कोई डिग्री है और वह असली है तो इसे दिखाया क्यों नहीं जा रहा ? वे डिग्री नहीं दे रहे हैं क्योंकि यह फर्जी हो सकती है और अगर प्रधानमंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय तथा गुजरात विश्वविद्यालय में पढ़े तो गुजरात विश्वविद्यालय को जश्न मनाना चाहिए कि हमारा छात्र देश का प्रधानमंत्री बन गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार, संजय सिंह ने कहा था, “वे प्रधानमंत्री की फर्जी डिग्री को असली साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

## रणथंभौर की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वनाधिकारियों की दी। जिसके बाद रणथम्भौर की वैटरनरी डॉक्टर्स की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने फिलहाल बाघिन की मॉनिटरिंग शुरु कर दी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी बाघिन के घायल होने की सूचना वन विभाग को नहीं थी। घटना की जानकारी पर्यटकों ने वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग हरकत में आया। ऐसे में एक बार फिर रणथम्भौर में बाघों की ट्रेकिंग पर सवाल खड़े हो रहे है। गौरतलब है कि इससे पहले बाघिन टी-111 की फिमेल शावक मार्च के पहले सप्ताह में पैर से लंगडाती हुई दिखाई दी। जिसकी जानकारी भी पर्यटकों ने ही वन विभाग को दी थी। वहीं इस बार भी पर्यटकों ने बाघिन के लंगडाने की सूचना वन विभाग को दी है। जबकी इस तरह की सूचना जुटाने में वन विभाग नाकाम हो रहा है, जो अपने आप में बड़ा सवाल है ।

## जगदीश शेट्टार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 से पहले बीजेपी में नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। अब तक कुल आठ बड़े बीजेपी नेता पार्टी छोड़ चुके हैं।

# कर्नाटक में कांग्रेस महिलाओं और युवाओं को दो से तीन हजार रु. महीना देगी

**राहुल गांधी ने कर्नाटक में अपना चुनाव प्रचार शुरु करने से पहले राहुल गांधी ने ट्वीट के जरिये यह घोषणा की**

- **राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर तंज करते हुए कहा कि मोदी सरकार अडानी समूह को दिल भर कर हजारों करोड़ रुपए दे रही है लेकिन अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हम कर्नाटक में लोगों को हर महीने भत्ता देंगे।**

नई दिल्ली/बेंगलुरु, 16 अप्रैल (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक विधानसभा चुना व प्रचार के दौरान वादा किया है कि पार्टी के सत्ता में आने पर युवाओं को 3000 और महिलाओं को 2000 रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा।

गांधी ने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि मोदी सरकार अडानी समूह को दिल भर कर हजारों करोड़ रुपए दे रही है तो कांग्रेस सरकार बनने पर कर्नाटक में लोगों को हर महीने भत्ता देगी और प्रदेश में चल रही कमीशन खोरी को बंद करेगी।

गांधी ने लोगों से वादा करते हुए ट्वीट किया,प्रधानमंत्री ने दिल भर कर हज़ारों करोड़ अडानी को दिया। हम दिल भर कर कर्नाटक में हर महीने देंगे- ग्रेजुएट युवाओं को 3000 रुपए, महिलाओं को 2000 रुपए, 200 यूनिट मुफ्त बिजली,.गरीब परिवारों को 10 किलो चावल।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर काम देने के बदले कमीशन देने का आरोप लगाया और तंज करते हुए कहा कांग्रेस की कर्नाटक को चार गारंटी। भाजपा की बस एक गारंटी - 40 प्रतिशत कमीशन।

राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक को भारतीय जनता पार्टी सरकार की 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार से मुक्त करेगी। गांधी ने अपने एक फेसबुक पोस्ट पर लिखा,भाजपा अपने फायदे के लिए राज्य की जनता के क्षमता का दोहन कर रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कर्नाटक भाजपा सरकार की 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार से मुक्त हो। इंतजार नहीं किया जा सकता है, राज्य के लोगों के साथ मिलकर शासन का एक नया दृष्टिकोंण तैयार करना, उनको सुनना, सीखना और तैयार करना है।

गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक के लोगों को चार गारंटी दी है जो कि राज्य में भाजपा की 40 प्रतिशत कमीशन सरकार के गलत कामों को ठीक करने के लिए एक मजबूत कदम हैं।

उन्होंने कहा, हमने भारत जोड़ो यात्रा दौरान कर्नाटक चरण में लोगों का दर्द महसूस किया है। अब हम निश्चित समाधान के साथ आए हैं। गृह लक्ष्मी, गृह ज्योति, अन्न भाग्य और युवा निधि।

राहुल गांधी ने कहा कि ये योजनाएं यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई हैं कि सभी कन्नड़ लोगों के जीवन को वह गरिमा प्राप्त हो जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा कि मेरी प्रतिबद्धता कांग्रेस और कर्नाटक के कल्याण के लिए विशेष रूप से महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि बसवन्ना की प्रेम, विनम्रता और करुणा की शिक्षाएं सभी कन्नड़ के डी.एन.ए. में है और उन्होंने हम सभी पर एक स्थायी छाप छोड़ी है जो ‘भारत जोड़ो यात्रा’ के दौरान भारत के बेहतर भविष्य के लिए साथ चले हैं।

# रावणा राजपूत समाज ने मांगा अपना हक

**रावणा राजपूत समाज ने राजस्थान ओ.बी.सी. सूची में क्रम संख्या 11 पर रावणा राजपूत (दरोगा, हजूरी, वजीर) में संशोधन की मांग की**

जयपुर, 16 अप्रेल (का.सं.)। अखिल राजस्थान रावणा राजपूत महासभा के तत्वावधान मे आगामी दोपहर 12 बजे से बिरला ऑडिटोरियम, जयपुर में राष्ट्रीय रावणा राजपूत प्रतिनिधि अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति खाद्य मन्त्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि रावणा राजपूत समाज स्वाभिमानी समाज है। ओबीसी सूची में संशोधन का मामला हो या राजस्व रिकॉर्ड में सुधार का, जायज हक लेना हर समाज व संगठन का कर्तव्य है, न्याय के लिए सही तरीके से सही जगह बात रखनी चाहिए। न्याय के लिए लड़ना सबका अधिकार है, सरकार कोई हो अपनी बात रखने का हक सभी को।

महासभा के संस्थापक जसवंत सिंह सोलंकी एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र रावणा ने बताया कि रावणा राजपूत समाज की चार प्रमुख मांगों पर चर्चा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अधिवेशन हो रहा है, जिसमें प्रथम चरण मे राजस्थान सहित दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश व उत्तरप्रदेश से रावणा राजपूत समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो प्रमुख मांगों पर चर्चा करेंगे और दूसरे चरण मे समाज के 21 प्रबुद्धजनों को सामाजिक स्तर पर “राष्ट्रीय धनरूप स्वयंसेवक पुरुस्कार” से सम्मानित किया जायेगा।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र रावणा ने बताया कि, प्रथम मांग राजस्थान ओबीसी सूची मे क्रम संख्या 11 पर रावणा राजपूत (दरोगा, हजूरी, वजीर) संशोधन की है, दूसरी मांग राजस्व रिकॉर्ड मे राजस्व अधिनियम 1956 के तहत धारा 136 मे खाता दुरस्ती में स्वेछिक जातिनाम शुद्धिकरण की समय सीमा 7 से 15 दिन तय की जावे, तीसरी मांग राष्ट्रीय जनगणना अभियान में जाति आधारित जनगणना की जावे और जाति की संख्या के अनुपात में आरक्षण तय किया जावे, चौथी मांग राज्य के टीएसपी क्षेत्र में राजकीय भर्तियों में आरक्षण विसंगति दूर करते हुवे राजकीय भर्तियों व पंचायतराज/पालिका/निकाय चुनाव में ओबीसी का अलग से आरक्षण तय हो।

प्रदेश महिला अध्यक्ष रामलीलावती भाटी ने कहा कि प्रत्येक जिले में प्रति वर्ष एक असहाय महिला को महासभा टीम स्वालमबंन हेतु 20 से 25 हजार रुपए की सहायता से उसे घरेलु रोजगार करवा कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जायेगा।

युवा प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह भाटी ने युवाओं से आव्हान किया कि, राजस्थान के युवा राज्य सरकार की सामाजिक योजनाओं से समाज के वृद्धिजनों, विधवाओं, विकलांग को लाभान्वित करवाये।

जयपुर जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह राजावत ने बताया कि हमारे संगठन द्वारा चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य सरकार व केन्द्र सरकार को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, आगे उन्होंने बताया कि प्रेस वार्ता में संस्थापक जसवंत सिंह सोलंकी, संरक्षक कान सिंह राठौड़, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र रावणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश पंवार, प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चौहान, संगठन महामंत्री नन्द सिंह राजावत, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष दुर्गा कँवर, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह लिचाना, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उमराव सिंह मोरडा, जयपुर शहर युवा जिला अध्यक्ष महावीर सिंह सिंघावत, ग्रामीण युवा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह नरुका, जयपुर शहर महिला जिला अध्यक्ष संतोष कँवर, जयपुर ग्रामीण महिला जिला अध्यक्ष अलका कँवर आदी मौजूद रहे।

## केन्द्रीय चुनाव...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिन, चुनाव आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति को भी अधिसूचित किया गया था।

हम इस बात से थोड़े हैरान हैं कि अधिकारी ने 18 नवंबर, 2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कैसे किया था, अगर उन्हें उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव के बारे में जानकारी नहीं थी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयुक्त या मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्ति के लिए कानून के अनुसार छह साल की अवधि होनी चाहिए क्योंकि इससे अधिकारी के पास कार्यालय की जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करने और अपनी स्वतंत्रता का दावा करने के लिए पर्याप्त समय होगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908